


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 263/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शुक्रवार 12 मई 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in



## एलन मस्क ट्विटर सीईओ का पद छोड़ेंगे, लिंडा याकारिनो के नाम की चर्चा



**वॉशिंगटन।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर को नया सीईआ मिल गया है। कंपनी के वर्तमान सीईओ और मालिक एलन मस्क ने गुरुवार देर रात बताया कि उन्होंने एक महिला को कंपनी का नया सीईओ चुना है।

सांध्यप्रकाश विशेष

## 2024 की सिविल सर्विसेज की प्री और मेंस परीक्षा की तिथियों की घोषणा




**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग ने वर्ष 2024 की परीक्षाओं से संबंधित भर्ती का वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। इस कैलेंडर के अनुसार सिविल सर्विसेज की प्री और मेंस परीक्षा का नोटिफिकेशन और रजिस्ट्रेशन तिथियों की भी घोषणा कर दी गई है। वैसे इच्छुक कैंडिडेट वेबसाइट पर जाकर परीक्षा के पूरे शेड्यूल को देख सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यूपीएससी सिविल सर्विसेज एग्जाम 26 मई 2024 को आयोजित की जाएगी। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 मार्च 2024 है। प्री एग्जामिनेशन के बाद मेंस एग्जामिनेशन की तिथि भी घोषित कर दी गई है जो 20 सितंबर 2024 है। मेंस परीक्षा के परिणाम आने के बाद इंटरव्यू की तिथि यूपीएससी द्वारा घोषित की जाएगी। बता दें कि यह परीक्षा देश की सबसे महत्वपूर्ण और सबसे कठिन परीक्षा है। इस परीक्षा के माध्यम से आईएएस, आईपीएस, आईएफएस सहित देश के सभी बड़े पदों का चयन किया जाता है जिनमें एनडीए, सीडीएस जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाएं भी शामिल हैं।

## इंदौर में ईडी की हिरासत में सुरेंद्र संघवी और बेटा प्रतीक, भोपाल तक मचा हड़कंप



इंदौर में ईडी की सुबह बिल्डर सुरेंद्र संघवी, दीपक मद्दा और बिल्डर मनीष शाहरा के यहां हुई दबिश में बड़ी खबर आ रही है। ईडी ने सुरेंद्र संघवी के साथ ही उसके बेटे प्रतीक संघवी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। यह पूरा मामला प्रदेश के सबसे बड़े जमीन घोटाले से जुड़े हुए हैं, जिसमें संघवी, मद्दा ने मिलकर ढाई हजार करोड़ से ज्यादा की जमीनों पर अपने हिसाब से खेल कराए हैं। मद्दा पहले से ही कल्पतरू जमीन घोटाले में जेल में हैं। उधर मनीष शाहरा भी मुश्किल में हैं, उन्होने मद्दा के साथ त्रिशला सोसायटी में एक जमीन का सौदा किया था। साथ ही संघवी से भी उनके कारोबारी संबंध रहे हैं और लेन-देन हुआ है। ईडी ने उनके दफ्तर जाकर भी दस्तावेज और जानकारी है और वह भी राडार पर है।

### अयोध्यापुरी घोटाले में नामजद आरोप है संघवी

सुरेंद्र संघवी और प्रतीक संघवी के साथ ही मद्दा व 18 आरोपियों पर जिला प्रशासन ने फरवरी 2021 के दौरान भूमाफिया अभियान में केस दर्ज कराया था। सिम्पलेक्स कंपनी जिसमें प्रतीक, मुकेश खत्री और मद्दा तीनों डायरेक्टर थे, इन्होंने अयोध्यापुरी की चार एकड़ जमीन खरीदी थी, जिसमें चार करोड़ में सौदा किया और केवल 1.80 करोड़ का भुगतान किया वह भी एक अन्य भूमाफिया की संस्था की बैंक में।

### एमआईजी थाने में दो एफआईआर में संघवी आरोपी

धारा- 406, 420, 467, 468, 471 और 120 बी के तहत एमआईजी थाने में हुई एफआईआर में आरोपी- रणवीर सिंह सूदन, विमल लुहाडिया, पुष्पेंद्र नीमा, दिलीप सिसौदिया, दिलीप जैन, मुकेश खत्री, प्रतीक सुरेंद्र संघवी और सुरेंद्र संघवी है। वहीं एख अन्य एफआईआर जो फरियादी पीड़ित संजय सिरोलिया द्वारा कराई गई, इसमें धारा- 406, 420, 467, 468, 471 और 120 बी आरोपी- विमल लुहाड़िया, पुष्पेंद्र नीमा, दिलीप सिसौदिया, रणवीर सिंह सूदन, दिलीप जैन, मुकेश खत्री प्रतीक व सुरेंद्र संघवी है।

### मद्दा का छह एफआईआर में नाम

इसी अभियान के दौरान मद्दा पर कुछ छह एफआईआर हुई इसमें चार खजराना थाने में दो एमआईजी थाने में। खजराना थाने में पुष्पविहार की जमीन का घोटाला था। इसमें कई अन्य आरोपी थे। उधर सातवीं एफआईआर गृह विभाग का रासुका निरस्ती का फर्जी पत्र बनाने का था और आठवीं एफआईआर में कल्पतरू सोसायटी का नाम सामने आया। इसमें करीब पांच करोड़ की राशि मद्दा ने संस्था से अपने दो निजी खातों में शिफ्ट की है। इसमें भी मनी ट्रैल सामने है।

### संघवी, मद्दा और शाहरा सभी के आपस में संबंध

संघवी और उनका बेटा प्रतीक के साथ ही दीपक मद्दा और उसकी पत्नी समता जैन कई कंपनियों में आपस में लिकं है और डायरेक्टर भी है। इसी तरह ही शाहरा के भी इन दोनों संबंध है। संघवी से भी उनके लेन-देन होते रहने का बात सामने आई है तो वहीं मद्दा से भी त्रिशला संस्था की जमीन शाहरा द्वारा लेने की बात सामने आई है। संघवी और शाहरा ने मिलकर खंडवा रोड पर प्रिंस मास्टर की 50 एकड़ से ज्यादा जमीन पर कॉलोनी काटी है। वहीं रुचि सोया को लेकर भी बैंक लोन से लेकर कई तरह की शिकायतें पहले से हैं।

### कई बिल्डर, ब्यूरोक्रेट की जान सांसत में

इस छापे से कई बिल्डर से लेकर ब्यूरोक्रेट की सांसें अटक गई है। संघवी यानि इंदौर की आधी बिल्डर लॉबी का उनसे किसी ना किसी तरह का लेन-देन रहता ही है। वहीं भोपाल के कई बड़े ब्यूरोक्रेट के साथ उनका उठना बैठना है और उनका लेन-देन संघवी से जुड़ा है। यहां तक कि कई नेताओं को भी संघवी की ओर से फंडिंग होती रही है। ऐसे में ईडी की मनी ट्रैल पकड़ने के दौरान कई बड़े लोग इस जांच में घिर सकते हैं।

## विकसित देश में शिक्षकों की भूमिका और बढ़ी: मोदी



**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जब भारत विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है ऐसे में शिक्षकों की भूमिका और बढ़ जाती है। एक जमाने में गुजरात में ड्रॉप आउट रेट 40 फीसदी के आसपास रहता था लेकिन आज यह सिर्फ 3 फीसदी रह गया है। यह गुजरात के शिक्षकों के सहयोग से ही हो पाया है। प्रधानमंत्री आज गांधीनगर में अखिल भारतीय शिक्षा संघ के अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आज शिक्षकों के सामने संसाधनों की चुनौती दूर हो रही है, लेकिन आज की पीढ़ी के छात्रों की जिज्ञासा शिक्षकों के लिए चुनौती बन गई है। ये छात्र आत्मविश्वास से भरे हैं, ये निडर हैं। उनकी जिज्ञासा शिक्षकों को चुनौती देती है। पीएम ने कहा कि गूगल से छात्रों को आंकड़ें मिल सकते हैं लेकिन निर्णय तो खुद ही लेना पड़ता है। एक गुरु ही छात्र को सीखा सकता है कि वे अपनी जानकारियों का सही उपयोग कैसे करें। तकनीक से जानकारी मिल सकती है लेकिन सही दृष्टिकोण शिक्षक ही दे सकता है।

पीएम मोदी आज गुजरात में 4,400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे। साथ ही 19,000 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत घरों की चाबियां देंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, पीएम मोदी गिफ्ट सिटी का दौरा भी करेंगे। उसके बाद वह 4,400 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे।



गोरक्षा संकल्प सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने किया गोरक्षा नीति का ऐलान

# गायों का अवैध परिवहन करने वाले वाहन होंगे राजसातः सीएम



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज गोरक्षा संकल्प सम्मेलन में गोरक्षा नीति का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि गाय का अवैध परिवहन करते पकड़े जाने पर वाहन राजसात करेंगे, यह कानून बना रहे हैं। गाय खरीदने के लिए 90 प्रतिशत राशि देंगे। सरकार हर संभव मदद करेगी। अब प्रदेश के हर विकासखंड में एक पशु चिकित्सा एंबुलेंस चलेगी। इसमें डाक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहेगा। एकीकृत काल सेंटर में टोल-फ्री नंबर 1962 पर फोन कर एंबुलेंस बुलाई जा सकेगी।

भोपाल के लाल परेड़ ग्राउंड पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरी झंडी दिखाकर इन 406 पशु एंबुलेंस को रवाना किया। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के साथ मिलकर गाय का पूजन किया। गुलाब की पंखुड़ियों से मुख्यमंत्री ने गो पालकों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पशु एंबुलेंस लाने की कोई आलोचना करता है, तो बताना चाहता हूं हमारे धर्म में सभी देवी-देवताओं के वाहन पशु के रूप में हैं। मैं रोज सबेरे सबसे पहले गाय को रोटी खिलाकर नाश्ता करता हूं। एक सरकार थी जिसने गोसेवकों पर गोली चलवाई थी। एंबुलेंस में सभी सुविधाएं हैं। 1962 टोलफ्री नंबर है। जिस पर काल करने पर एंबुलेंस पहुंच जाएगी। हमने अपने संकल्प पत्र में यह वादा किया था। अन्य पशुओं का भी इलाज करेंगे। अस्पताल बीमार या घायल गोमाता के पास पहुंच जाएगी। एक ब्लॉक में एक एंबुलेंस रहेगी।



### गाय की सेवा लाड़ली बहन की सेवाः मुरलीधर राव

भाजपा के प्रदेश प्रभारी और चिंतक पी मुरलीधर राव ने कहा कि ये गोसेवक और गोरक्षकों का कार्यक्रम है। गोरक्षक का मतलब मुस्लिमों का विरोध माना जाता है पर ऐसा नहीं है। आजादी का मतलब धार्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्र का सम्मान करना है। गाय की सेवा लाड़ली बहना की सेवा। इससे महिला रोजगार जुड़ा है। महिलाओं की आमदनी बढ़ाने का माध्यम है ये।

### अतिक्रमण से मुक्त कराएं गोशालाओं कोः अखिलेश्वरानंद

गौ संवर्द्धन बोर्ड के अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद बोले- मनरेगा की सहायता से मप्र में तैयार गौशालाओं की पांच-पांच एकड़ जमीन अतिक्रमण की चपेट में हैं। इन्हें अतिक्रमण मुक्त कराएं। गौशालाओं में बिजली का बिल एक हजार रुपए कम कर दिया जाए। गौशालाओं में तैयार गौ उत्पादों प्रोम वर्मी कम्पोस्ट, जैविक खाद के क्रय के लिए सरकारी विभाग वानिकी, उद्यानिकी, नगरीय प्रशासन जैसे विभागों को अनिवार्य किया जाए। गौशालाओं में तैयार प्राकृतिक पेंट, गोनाइल का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी भवनों की पुताई सफाई में अनिवार्य कर दिया जाए।

## सीबीएसई-12वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी, 87.33 प्रतिशत स्टूडेंट पास

### भोपाल रीजन का परिणाम 83.54 प्रतिशत रहा



**नई दिल्ली।** सीबीएसई ने 12वीं बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट जारी कर दिए हैं। बोर्ड ने शुक्रवार को रिजल्ट जारी करते हुए बताया कि इस साल परीक्षा में शामिल होने वाले 87.33 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। सीबीएसई ने तय किया है कि इस साल रिजल्ट के साथ स्टूडेंट्स की फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड डिवीजन की जानकारी नहीं देगा। प्रदेश के भोपाल रीजन की अगर बात करें तो यहां 83.54 विद्यार्थियों ने सफलता पाई है।

स्टूडेंट्स को कॉम्पिटिशन से बचाने के लिए इस साल मैरिट लिस्ट भी जारी नहीं की जा रही है। हालांकि बोर्ड केवल 0.1 प्रतिशत स्टूडेंट्स को क्वालिफिकेशन सर्टिफिकेट देगा जिन्होंने परीक्षा में सबसे ज्यादा नंबर हासिल किए हैं। त्रिवेंद्रम रीजन 99.91 पास प्रतिशत के साथ टॉप पर है। 84.67 प्रतिशत लड़के और 90.68प्रतिशत के साथ लड़कियां पास हुईं। लड़कियां, लड़कों के मुकाबले 6.01 प्रतिशत आगे रहीं। स्टूडेंट्स अपना रिजल्ट मोबाइल ऐप उमंग, डिजिलॉकर और बोर्ड की बेवसाइट पर देख सकते हैं। स्टूडेंट्स अपने रिजल्ट की फोटोकॉपी और रीवैल्युएशन 16 मई से करवा सकेंगे। बोर्ड ने 2024 की परीक्षाओं की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। ये परीक्षा 15 फरवरी 2024 से शुरू होंगी।

### कोरोना काल के बाद सुधरा है प्रदर्शन

इस साल 12वीं का 87.33 प्रतिशत रहा। कोरोना काल से पहले 2019 में यह 83.40 प्रतिशत था। वहीं 2022 में 92.71 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे।। रीजन के हिसाब से देखें तो त्रिवेंद्रम देश में प्रथम स्थान पर रहा है। इसके बाद बेंगलुरू दूसरे, चेन्नई तीसरे, दिल्ली वेस्ट चौथे पायदान पर रहा है।

## राशन दुकानदारों की मांगों पर निर्णय ले सरकारः कमलनाथ



**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सरकार से आग्रह किया है कि वह राशन दुकानदारों की मांगों पर गंभीरता से विचार करे और निर्णय ले। आज जारी बयान में उन्होंने कहा- प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के करीब 26000 राशन दुकानदार अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। उनकी मुख्य मांग है कि उनको दिए जाने वाले मानदेय की प्रक्रिया में बदलाव किया जाए। मैं मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि वह राशन दुकानदारों की मांगों पर तुरंत कार्यवाही करें। मैं राशन दुकानदारों को आश्वस्त करता हूं कि अगर अभी उनकी मांगे नहीं मानी जाती तो कांग्रेस सरकार बनने पर उनके साथ न्याय किया जाएगा और उनकी न्यायोचित मांगों को स्वीकार किया जाएगा।

## कोर्ट से मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत दो जून तक बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत दो जून तक बढ़ा दी है। इससे पहले कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था।न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने संबंधित जेल अधीक्षक को यह भी निर्देश दिया कि जमानत याचिका के निस्तारण तक सिसोदिया और पत्नी के बीच हर वैकल्पिक दिन अपराह्न 3-4 बजे के बीच वर्चुअल बैठक सुनिश्चित करें।

## स्पीकर जल्द फैसला लें, अगर गलत करेंगे तो हम फिर कोर्ट जाएंगे : उद्धव



**मुम्बई।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने एक बार फिर शिंदे सरकार पर निशाना साधा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर उन्होंने कहा कि इस वर्तमान सरकार को अंतरिम राहत है। स्पीकर को जल्द से जल्द मामले पर फैसला लेना चाहिए। अगर वे कोई गलत फैसला देते हैं, तो हम फिर कोर्ट जाएंगे। राज्यपाल पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को लेकर उद्धव ने कहा कि उन्होंने जो गैरकानूनी काम किया है उसके लिए मुझे लगता है कि उनके खिलाफ मुकदमा चलना चाहिए। राज्यपाल किसी कानून के तहत नहीं आते तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे अपनी मनमर्जी करें।



मप्र भाजपा की कोर कामेटी की बैठक बीजेपी कार्यालय में हुई, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रभारी मुरलीधर राव, मंत्री विश्वास सारंग, सांसद प्रज्ञा ठाकुर,विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक कृष्ण गौर, महामंत्री भगवान दास सबनानी, पूर्व महापौर आलोक शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### पुलिस के सामने पेश हुए बृजभूषण शरण सिंह, जांच के लिए एसआईटी का किया गठन

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह दिल्ली पुलिस के सामने पेश हुए। दिल्ली पुलिस ने बृज भूषण का बयान दर्ज किया है। इसके साथ ही उनसे कुछ दस्तावेज भी मांगे हैं। बृजभूषण ने अपने ऊपर लगे आरोपों को नकारा है। पुलिस के मुताबिक, पहलवानों की शिकायत पर डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का बयान दर्ज किया गया और कुछ दस्तावेज मांगे गए। बृजभूषण ने अपने ऊपर लगे आरोपों का खंडन किया। चार महिला पुलिस अधिकारियों सहित छह पुलिस टीमों के साथ एसआईटी का गठन किया गया है।




जीवेत शरदः शतम्

सरल, सहज, मृदुभाषी चौरई क्षेत्र के जननायक, जिनके लिये चौरई का हित सर्वोपरी है ऐसे लोकप्रिय विधायक

मा. सुजीत मेरसिंह चौधरी जी को

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सौजन्य

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौरई, चांद, बिछुआ एवं समस्त अनुसांगिक संगठन विधानसभा चौरई, जिला छिंदवाड़ा

BGI BANSAL
INSTITUTE OF RESEARCH & TECHNOLOGY
Kokta, Anand Nagar, Raisen Road, Bhopal-462021

Approved By AICTE, New Delhi, Affiliated to Barkatullah University Bhopal (M.P.)

Applications are invited for the following post (Under College 28) for,

| COURSE | POST |
| --- | --- |
| MBA | Professor-02, Associate Professor-04, Assistant Professor-12 |

Interested candidates may send their resume with passport size photo and copy of necessary documents mail us on:

swatihr@bistbpl.in bgibhopal.com

9109954684, 9109954687 Last date: 25/05/23

Note: Qualification & Salary as per AICTE norms.

## संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर 5 ट्रेनों का स्टापेज खत्म करने का प्रस्ताव

# सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने किया विरोध, विधायक से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



**संत हिरदाराम नगर।** एक और जहां संत हिरदाराम नगर के रेलवे स्टेशन को राजधानी का तीसरा सबसे बड़ा स्टेशन बनाने की सपने दिखाए जा रहे हैं, वहीं वर्तमान में जिन ट्रेनों का स्टापेज है, उसे खत्म करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसका यहां की सामाजिक संस्था सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने सख्त विरोध करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा से मुलाकात कर ज्ञापन प्रस्तुत किया।

पंचायत अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश ईसरानी के नेतृत्व में मिले प्रतिनिधि मण्डल जिसमें महासचिव सुरेश जसवानी, सलाहकार एवं रेलवे सलाहकार समिति के राष्ट्रीय सदस्य नितेश लाल आदि मुख्य रूप से शामिल थे। उन्होंने विधायक को बताया कि भोपाल रेल मण्डल ने ट्रेन संख्या 12919/20 डा. आम्बेडकर नगर माता वेष्णोदेवी कटरा एक्सप्रेस, 14319/20 बरेली इंदौर एक्सप्रेस, 19305/06 इंदौर कामख्या इंदौर एक्सप्रेस, 19321/22 इंदौर राजेन्द्र नगर इंदौर एक्सप्रेस, 19313/14 इंदौर पटना एक्सप्रेस एवं 22911/12 इंदौर हावड़ा एक्सप्रेस का स्टापेज संत हिरदाराम नगर खत्म कर निशातपुरा रखे जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। सिंधी सेन्ट्रल पंचायत कहा है कि जहां तक निशातपुरा का सवाल है, तो वहां जाने के लिए जो रास्ते हैं, वहां यातायात इतना अधिक है कि अक्सर जाम रहता है और पहुंचने में काफी देरी हो जाती है दूसरे रात के समय अगर कोई महिला किसी ट्रेन से निशातपुरा उतरे तो सुरक्षा की दृष्टि से ही निशातपुरा काफी खतरनाक है। जबकि संत हिरदाराम नगर स्टेशन से हर क्षेत्र के लिए आवागमन के साधन आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं।

### भेजे गए प्रस्ताव पर विधायक ने जताई नाराजगी

इधर, विधायक रामेश्वर शर्मा ने संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर 5 ट्रेनों का स्टापेज खत्म करने डीआरएम की तरफ से रेलवे बोर्ड को भेजे गए प्रस्ताव पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल डीआरएम को मोबाइल लगाया। विधायक ने अपने तरफ केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को तत्काल पत्र लिखा साथ ही यह भी भरोसा दिलाया कि सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर से भी आग्रह किया जाएगा के 5 ट्रेनों का स्टापेज संत हिरदाराम नगर स्टेशन खत्म न हो, इसके लिए रेल मंत्री सहित संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर दिल्ली में मुलाकात करे।

## शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिये चिकित्सा शिक्षा प्रवेश में 5 प्रतिशत सीट आरक्षित

**भोपाल।** राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश चिकित्सा शिक्षा प्रवेश नियम-2018 में संशोधन किया है। संशोधन के अनुसार अब शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी को सभी शासकीय एवं निजी महाविद्यालय में एमबीबीएस एवं बीडीएस के लिये स्वीकृत कुल सीट्स में से 5 प्रतिशत सीट्स आरक्षित की गई हैं। महिला अभ्यर्थी को सभी महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रम में 30 प्रतिशत आरक्षण, दिव्यांग अभ्यर्थी को सभी महाविद्यालयों में सभी पाठ्यक्रम में 5 प्रतिशत तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अभ्यर्थी और सैनिक अभ्यर्थी को केवल शासकीय महाविद्यालय में एमबीबीएस एवं बीडीएस के लिये कुल सीट्स का 3-3 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। संशोधन अनुसार प्रवर्ग को स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि इसमें महिला, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सैनिक, दिव्यांग, अनिवासी भारतीय प्रवर्ग एवं शासकीय विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हैं। इसी प्रकार जोड़े गये उप-नियम अनुसार शासकीय विद्यालय से अभिप्रेत है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित शासकीय विद्यालय। शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों में ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने शासकीय विद्यालय में कक्षा-6 से 12वीं तक नियमित अध्ययन कर परीक्षा उत्तीर्ण की हो अथवा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के माध्यम से प्रवेश के आधार पर कक्षा-1 से 8 तक निजी विद्यालयों में अध्ययन करने के बाद शासकीय विद्यालय में कक्षा-9 से 12वीं तक नियमित अध्ययन कर परीक्षा उत्तीर्ण की हो, को शामिल किया गया है। संशोधन नियमानुसार स्नातक पाठ्यक्रम (एमबीबीएस/बीडीएस) के लिये शासकीय विद्यालय विद्यार्थी प्रवर्ग से प्रवेश के लिये अभ्यर्थी को संबंधित विभाग के जिला शिक्षाधिकारी/जिला संयोजक/सहायक आयुक्त द्वारा जारी किये गये, इस आशय के प्रमाण-पत्र को मूल प्रति में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा कि अभ्यर्थी नियम-2ब की अपेक्षा पूर्ण करता है।

## शिविर में हीमोग्लोबिन की जांच एवं स्वच्छता किट का किया वितरण



**संत हिरदाराम नगर।** सेवा भारती द्वारा सेवा सप्ताह का समापन पर महानगर और रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से संजय नगर सेवा बस्ती में निःशुल्क हीमोग्लोबिन जाँच एवं 59 स्वचच्छता किट वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ. रामअवतार यादव स्वास्थ्य सह सयोजक ने अपने उद्बोधन में सेवा भारती के संस्थापक के जीवन परिचय देते हुए विष्णु कुमार की सोच युवाजनो का स्वस्थ रहना, जागरूक रहना, शिक्षित रहना देश के भविष्य को तय करता है मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने बताया कि सेवा सप्ताह अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन हुए। कार्यक्रम में मंजुलता शर्मा, कमलेश, माला, नीमा, सरस्वती, लक्ष्मी, प्रभा, खुशबू, किरण, प्रीती डेहरिया, भावना, रत्नेश यादव आदि का उपस्थित थे।







भोपाल। राजधानी में आज सर्वशिक्षा अभियान कर्मचारी संघ के तत्वावधान में कर्मचारियों की मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना दिया गया।



भोपाल। जयप्रकाश चिकित्सालय में स्टाफ ने केक काटकर नर्स दिवस मनाया ।

## चिकित्सा शिक्षा मंत्री और महापौर ने आवेदनों के तत्काल निराकरण हेतु दिए निर्देश



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

आम नागरिकों की समस्याओं के शत्-प्रतिशत निराकरण तथा शासकीय विभागों से संबंधित सेवाएं आमजन को सुगमता के साथ उपलब्ध कराने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान द्वितीय चरण के दूसरे दिन निगम के 08 वार्ड क्षेत्रों में आयोजित शिविरों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित 951 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से 935 आवेदन स्वीकृत किए गए तथा 16 आवेदन विभाग स्तर पर लंबित है। मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत गुरूवार को चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने महापौर श्रीमती मालती राय के साथ वार्ड क्र. 39 के चाणक्यपुरी नवीन नगर में आयोजित शिविर का अवलोकन किया और निगम अधिकारियों तथा नागरिकों से चर्चा की व नागरिकों के आवेदनों एवं शिकायतों के निराकरण हेतु त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र आदि भी वितरित किए। वार्ड क्रमांक 56 में आयोजित शिविर का निरीक्षण विधायक श्रीमती कृष्णा गौर ने स्थानीय पार्षद व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ किया और शिविर में मौजूद अधिकारियों एवं आवेदकों से भी चर्चा की।

निगम आयुक्त श्री के.वी.एस.चौधरी के निर्देश पर अभियान के तीसरे दिन शुक्रवार, 12 मई 2023 को जोन क्र. 4 के वार्ड क्र. 18 में हनुमानगंज थाने के पास स्थित वार्ड कार्यालय के समीप, जोन क्र. 17 के वार्ड क्र. 75 के वार्ड कार्यालय के समीप, जोन क्र. 8 के वार्ड क्र. 29 के वार्ड कार्यालय के समीप, जोन क्र. 19 के वार्ड क्र. 81 के वार्ड कार्यालय के समीप, जोन क्र. 20 के वार्ड क्र. 2 के गांधी नगर स्थित वार्ड कार्यालय के समीप, जोन क्र. 5 के वार्ड क्र. 9 के वार्ड कार्यालय के समीप तथा जोन क्र. 20 के वार्ड क्र. 6 के वार्ड कार्यालय के समीप शिविर आयोजित किये जायेंगे।

### 6 सेक्टर्स में हुआ लाडली लक्ष्मी उत्सव

भोपाल। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के दौरान बाणगंगा परियोजना अधिकारी अखिलेश चतुर्वेदी के समन्वय से कुल 6 सेक्टर्स पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें किशोरी बालिकाओं के साथ उनकी सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता, सायबर संबंधी अपराधों से सुरक्षा एवं बचाव की सावधानियों पर सत्रों का आयोजन किया गया। सत्रों में पुलिस विभाग से उपनिरीक्षक सलोनी द्वारा भी बच्चों को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई और पुलिस विभाग द्वारा संचालित ऊर्जा डेस्क, पुलिस दीदी योजना एवं सृजन कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई।

## निगम आयुक्त ने आदमपुर छावनी में निर्माण कार्यों का लिया जायजा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

### प्रचलित कार्यों की गति बढ़ाने के दिये निर्देश



निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने आदमपुर छावनी स्थित एबीसी सेंटर, एनीमल क्रेमेटोरियम प्लांट, लैंडफिल साईट, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन एवं वृक्षारोपण स्थल सहित अन्य कार्यों का अवलोकन किया और निगम अधिकारियों तथा कंपनी के प्रतिनिधियों से कार्य की प्रगति के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की। निगम आयुक्त चौधरी ने एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर में नसबंदी हेतु लाये जाने वाले श्वानों की जानकारी संबंधी पंजी का अवलोकन किया और प्रतिदिन लाये जाने वाले श्वानों एवं जिन श्वानों की नसबंदी की गई है उनकी जानकारी पंजी में दर्ज करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने एनीमल क्रेमेटोरियम प्लांट के संचालन एवं मृत पशुओं के शवों की संख्या एवं किये जा रहे दाह संस्कार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त चौधरी ने प्लास्टिक कचरा प्रबंधन स्थल का अवलोकन किया और कंपनी के प्रतिनिधियों को तीव्र गति से कार्य करने के निर्देष दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने खुली भूमि से बड़े पत्थर हटाकर भूमि का समतलीकरण कर वृक्षारोपण हेतु तैयार करने के निर्देष दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त एम.पी.सिंह, अधीक्षण यंत्री आर.के.सक्सेना सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने गुरूवार को आदमपुर छावनी स्थित एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर में श्वानों की नसबंदी के कार्य एवं नसबंदी के बाद उनकी निगरानी आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त चौधरी ने प्रतिदिन लाये जाने वाले श्वानों एवं जिन श्वानों की नसबंदी की गई है उनकी जानकारी पंजी में दर्ज करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने एबीसी सेंटर में श्वानों की पर्याप्त देखभाल, उनके भोजन आदि के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की तथा नसबंदी हेतु लाये जाने वाले श्वानों की संख्या बढ़ाने के निर्देष दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने एनीमल क्रेमेटोरियम प्लांट निरीक्षण किया और एयर पॉल्यूषन कंट्रोल सहित अन्य प्रक्रियाओं के संबंध में अधिकारियों तथा कंपनी के प्रतिनिधियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की और एनीमल क्रेमेटोरियम प्लांट के संचालन एवं मृत पशुओं के शवों की संख्या एवं किये जा रहे दाह संस्कार के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त चौधरी ने लैंडफिल साईट एवं प्लास्टिक कचरा प्रबंधन स्थल का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति के संबंध में निगम अधिकारियों तथा कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा की। निगम आयुक्त चौधरी ने परिवहन किये जा रहे प्लास्टिक कचरे के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त चौधरी ने स्थल पर भूमि के समतलीकरण एवं बरसाती पानी की निकासी हेतु समुचित प्रबंध करने तथा तीव्र गति से कार्य करने के निर्देष दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने बायो सीएनजी प्लांट स्थल पर निर्मित कार्टनवाल का अवलोकन किया और बायो सीएनजी प्लांट स्थापना स्थल पर प्रस्तावित कार्यों के संबंध में अधिकारियों तथा कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा की और स्थल पर पहुंच मार्ग, नाली निर्माण आदि सहित सभी कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देष दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने वृहद एवं सघन वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत तैयार वृक्षारोपण स्थल का जायजा लिया तथा पौधों की पर्याप्त देखभाल करने के निर्देष दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने वृक्षारोपण स्थल से लगी अतिरिक्त खुली भूमि से बड़े पत्थर हटाकर भूमि का समतलीकरण करने एवं वृक्षारोपण हेतु गड्ढे तैयार करने के निर्देष दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने वृक्षारोपण हेतु तैयार किए जा रहे क्षेत्र की तार फेसिंग करने के निर्देष दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने वृक्षारोपण स्थल पर कंपोस्ट खाद डालने, पौधों की गुड़ाई एवं नियमित रूप से सिंचाई कर पर्याप्त देखभाल करने के निर्देष दिए।

# जून से प्रारंभ होगी मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना

**मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान-2 में 16 मई से गांव-गांव, वार्ड-वार्ड शिविर लगेंगे**

**डिफाल्टर किसानों की ब्याज राशि माफ करने के लिए 14 मई से भरे जाएंगे फॉर्म**

**प्रदेश में हर गरीब को रहने के लिए मिलेगा जमीन का पट्टा**

**सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए 5 प्रतिशत सीटें मेडिकल कॉलेज में होंगी आरक्षित**

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सीतामऊ में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए**

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश में बहनों का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण हो रहा है। एक समय था जब यहाँ परिवार में कन्या को बोझ माना जाता था, आज वह वरदान हो गई है। लाड़ली लक्ष्मी योजना ने प्रदेश की 44 लाख 90 हजार कन्याओं को लखपति बनाया है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में गरीब कन्याओं का विवाह सरकार करवाती है। स्थानीय निकायों के निर्वाचन में बहनों को मिले 50 प्रतिशत आरक्षण से वे राजनीतिक रूप से सशक्त हुई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनायेगी। बहनों को स्टांप शुल्क में छूट के प्रावधान से आज 45 प्रतिशत जमीन बहनों के नाम हो रही है। मुख्यमंत्री चौहान आज मंदसौर जिले के सीतामऊ में लाड़ली बहना सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी किया। इसके पहले मुख्यमंत्री ने जिले के जवानपुरा में 2,374 करोड़ रूपये की लागत वाली 卐कयामपुर-सीतामऊ卐 दाबयुक्त वृहद सूक्ष्म सिंचाई परियोजना का विधिवत भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री चौहान ने टोडरमल जी के जन्म-दिन पर ऐच्छिक अवकाश, नाहरगढ़ को नगर पंचायत बनाने और कयामपुर को तहसील बनाये जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान-2 में 16 मई से गाँव-गाँव और वार्ड-वार्ड शिविर लगेंगे, जिनमें जनता को 67 प्रकार की सेवाओं का मौके पर लाभ मिलेगा। उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने प्रशासन को निर्देश दिए कि अभियान में प्राप्त आवेदनों और सीएम हेल्पलाइन के लंबित आवेदनों का 15 मई तक निराकरण कर दिया जाए।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आजकल कुछ लोग नकली योजनाएँ बना कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। जनता ऐसे ठगों से दूर रहे तथा उनके झाँसे में न आए। पिछली सरकार ने कर्ज माफी के नाम पर किसानों को डिफॉल्टर बना दिया। हमारी सरकार उनके ब्याज की राशि भर रही है, जिससे उन्हें सरकार की जीरो प्रतिशत ब्याज पर फसल ऋण योजना का लाभ मिल सके। किसानों का ब्याज माफ करने के लिए 14 मई से फॉर्म भरे जाएंगे। इस योजना के लिए सरकार ने बजट में 2400 करोड़ रूपये का प्रावधान किया है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में हर गरीब को रहने के लिए जमीन का पट्टा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में अभी तक प्रदेश में 60 से 70 हजार पट्टे बाँटे जा चुके हैं। इसके लिए सरकारी जमीन के अलावा निजी जमीन खरीद कर दिए जाने की भी व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश में गरीबों को निःशुल्क राशन, मकान, दवाई, गैस कनेक्शन आदि दिए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में हर बच्चे की पढ़ाई की राह आसान की गई है। बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए सीएम राइज स्कूल बनाए जा रहे हैं। सरकार उच्च शिक्षा की फीस भी भरवा रही है। प्रदेश में अब मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिंदी में शुरू कर दी गई है। सरकारी स्कूलों के बच्चे मेडिकल कॉलेज में जा सकें, इसके लिए मेडिकल कॉलेज में शासकीय स्कूलों के बच्चों के लिये 5 प्रतिशत सीट्स आरक्षित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हमारी सरकार बेरोजगारी भत्ते का लॉलीपॉप न देकर हर हाथ को रोजगार मिल सके, ऐसी व्यवस्था कर रही है। प्रदेश में एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया 15 अगस्त तक पूरी कर ली जाएगी। युवाओं को कौशल विकास के साथ ही रोजगार भी मिल सके इसके लिए मुख्यमंत्री कौशल कमाई योजना जून माह से शुरू होगी, जिसमें प्रतिमाह 8 हजार रूपये मानदेय दिया जाएगा। हमारा नारा है कमाने वाला खाएगा, लूटने वाला जाएगा, नया जमाना आएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आज 2374 करोड़ रूपये की सिंचाई परियोजना का भूमि-पूजन हुआ है। इससे मंदसौर क्षेत्र की 3 लाख एकड़ जमीन में सिंचाई होगी। गांधी सागर बांध का पानी जिले के एक-एक खेत में पहुँचेगा। चौतरफा प्रगति और विकास हमारा लक्ष्य है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में जनता की जिंदगी बदलने का अभियान चल रहा है। सरकार को किसान, गरीब, कारीगर, नौजवान सब की चिंता है। प्रदेश में नई संस्कृति का दौर शुरू हो रहा है, जिसमें जनता और सरकार मिल कर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने प्रत्येक गाँव में लाड़ली बहना सेना बनाने पर जोर दिया, जो महिला संबंधी योजनाओं को क्रियान्वित करेगी। उन्होंने आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय की राशि देने की घोषणा की, जो पिछली सरकार ने रोक ली थी। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि हर पवित्र काम में बहनों की जरूरत होती है। आज महत्वपूर्ण परियोजना प्रदान कर कई वर्षों की साधना पूर्ण हुई है। प्रदेश में सिंचाई के क्षेत्र में व्यापक वृद्धि हुई है। वर्तमान में 45 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है, इसे बढ़ाने के लिये नई परियोजनाओं पर कार्य हो रहा है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग ने कहा कि प्रदेश में हर क्षेत्र में चहुँमुखी विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री चौहान ने आज 2374 करोड़ रूपये की कयामपुर-सीतामऊ दाबयुक्त वृहद सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया है। परियोजना से जिले के 252 ग्रामों की 1 लाख 12 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इससे आसपास के 1 लाख 49 हजार 300 हितग्राही लाभान्वित होंगे। इस क्षेत्र के लोगों ने जो सपना देखा था, वह आज पूर्ण हो रहा है। सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि आज मुझे माँ, बहन और बेटियों का आशीर्वाद लेने का अवसर मिला है। चंबल का पानी घर एवं खेतों तक आया है और वर्षों का सपना पूरा हुआ है। सम्मेलन में जन-प्रतिनिधि, किसान और बड़ी संख्या में बहनें उपस्थित थी।

### बंजारा समाज के आराध्य देव रूपसिंह महाराज की मूर्ति का अनावरण

मुख्यमंत्री चौहान ने मेलखेड़ा में बंजारा समाज के आराध्य देव रूपसिंह महाराज की मूर्ति का अनावरण किया। अष्टधातु से निर्मित यह मूर्ति जयपुर में तैयार की गई है, जो 8 फीट की है। मूर्ति अनावरण के बाद मुख्यमंत्री ने मेलखेड़ा के स्कूल परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित बंजारा समाज और आमजन को संबोधित भी किया। इसके पहले मुख्यमंत्री ने मेलखेड़ा में भगवान चारभुजा नाथ एवं रूपसिंह जी महाराज की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की।

## अमरनाथ यात्रियों के लिए दोनों मार्ग पर 123 लंगर लगेंगे-भटेजा



भोपाल।ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से प्रारंभ होकर 31 अगस्त तक चलेगी जो कि 62 दिनों की होगी। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा अमरनाथ यात्रियों की सुविधा के लिए दोनों मार्ग (बालटाल एवं पहलगांव ) मे123 भंडारे लगाए की अनुमति दी गई है। यात्रा मार्ग के अतिरिक्त लखनपुर बॉर्डर से पहल गांव एवं बालटाल के बीच में लगभग 50 भंडारे लगाए जाएंगे। सबसे अधिक 25 लंगर बालटाल से दो मील के बीच में लगेंगे।

### सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर 15 मई को लगेगा स्वास्थ्य मेला

**भोपाल।** प्रदेश के सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में 15 मई को स्वास्थ्य मेला (आरोग्यम-ओवरऑल वेल बीइंग) लगाया जायेगा। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में शहरी स्वास्थ्य संस्थाएँ, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक शामिल हैं। एमडी एनएचएम श्रीमती प्रियंका दास ने बताया कि सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मेले में की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में निर्देश दिये गये हैं। मेले में तम्बाकू के प्रयोग पर नियंत्रण किये जाने के लिये परामर्श देना, स्वच्छता और स्वास्थ्य पर वार्ता, किशोरियों के लिये सेनेटरी नेपकिन के प्रयोग के लिये जागरूकता, 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजन के जाँच केम्प, एनसीडी स्क्रीनिंग में डायबिटीज, हाईपरटेंशन, कैंसर और आँखों की जाँच की जायेगी। मेले में टीबी की स्क्रीनिंग और जागरूकता बढ़ाने के कार्यक्रम भी किये जायेंगे। सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य मेले की जानकारी सोशल मीडिया एकाउंट पर अपलोड करेंगे। बताया गया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत माह की प्रत्येक 14 तारीख को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला लगाया जाता है। मई माह में 14 तारीख को अवकाश होने से 15 मई को स्वास्थ्य मेले लगाये जायेंगे।

### 349 करोड़ से होगा ग्वालियर जिले की विद्युत अधो-संरचना का सुदृढ़ीकरण

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा है कि ग्वालियर जिले की विद्युत अधो-संरचना को सुदृढ़ करने और विद्युत हानियों को कम करने के लिए 349 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गए हैं। इसमें केन्द्र सरकार द्वारा रिवेपंड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के प्रथम चरण में 196 करोड़ रूपये और राज्य सरकार द्वारा 153 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा है कि स्वीकृत कार्यों में 132 केव्ही गैस इंसुलेटेड उपकेंद्र, 35 किलोमीटर 132 केव्ही अति उच्च दाब लाइन का निर्माण, 6 नवीन 33/11 केव्ही उपकेंद्र निर्माण, वोल्टेज व्यवस्था के सुधार के लिए 32 स्थान पर कैपेसिटर बैंक की स्थापना, तीन 33/11 केव्ही उपकेंद्रों में क्षमता वृद्धि एवं अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफॉर्मर की स्थापना, 671 वितरण ट्रांसफार्मर की स्थापना, 445 किलोमीटर निम्न दाब लाइनों का केबलिंग कार्य और 1780 किलोमीटर 33 और 11 केव्ही उच्च दाब फीडरों का निर्माण कार्य शामिल है। ऊर्जा मंत्री तोमर ने बताया कि अधो-संरचना के सुदृढ़ीकरण से ग्वालियर जिले की लगभग 21 लाख की जनसंख्या लाभान्वित होगी एवं आगामी 10 वर्ष की विद्युत माँग की सफलतापूर्वक पूर्ति हो सकेगी।

### पशुपालन मंत्री ने गांवों में दिये 98 पानी के टैंकर

**भोपाल।** पशुपालन एवं डेयरी, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने बढ़ती गर्मी के मद्देनजर बड़वानी और पाटी जनपद पंचायतों को 98 पानी के टैंकर वितरित किये। इनमें कई गाँव भौगोलिक दृष्टि से दुर्गम हैं। पटेल ने कहा पूरा प्रयास है कि ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक जलापूर्ति की जाए। उन्होंने प्रत्येक गाँव में हेन्ड़पंप और पाइप लाइन की तकनीकी त्रुटियों को तत्काल ठीक करने के निर्देश भी दिये। पटेल ने स्वयं ग्राम पंचायत बोरी, वैगलगाँव, मेणीमाता, आँवली, अंजराड़ा, पाँचपुला और वमलानी ग्राम पंचायतों के संरपंचों को टैंकर प्रदान किये। मंत्री पटेल ने बड़वानी में बुधवार को मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण का शुभांरभ किया। आगामी 31 मई तक चलने वाले अभियान में 15 विभागों की 67 सेवाओं का लाभ नागरिकों को दिया जायेगा। पटेल ने नागरिकों की समस्याएँ सुनीं और समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

## सुल्तानिया में बनेगा 300 बिस्तरीय नवीन अस्पताल, स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित की जमीन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

सुल्तानिया अस्पताल की ज़मीन को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को हस्तांतरित किया गया है। यहाँ पर अब 300 बिस्तर का नया अस्पताल बनाया जाएग। इस संबंध में सुल्तानिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विजय नंदमेहर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने हस्तांतरण के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि सुल्तानिया अस्पताल के हमीदिया अस्पताल में शिफ्ट होने के बाद इस जगह पर नया अस्पताल बनाने की मंजूरी राज्य शासन द्वारा दी गई है। इस संबंध में शासन द्वारा 2.8194 हेक्टेयर भूमि निःशुल्क प्रदान की गई है। भूमि पर निर्मित भवन को ध्वस्त करके नवीन 300 बिस्तरीय नवीन सिविल अस्पताल बनाया जाएगा। जो कि लगभग 76 करोड़ 49 लाख की लागत से निर्मित होगा। यह भूमि पूर्व में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन थी। हस्तांतरण के पश्चात लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा नवीन अस्पताल बनाया जावेगा। भूमि का कब्जा दिये जाने के दौरान संबंधित राजस्व अमला उपस्थित था।

## हज 2023 की सभी व्यवस्थायें बेहतर रखे: संभागायुक्त

**भोपाल।** संभाग आयुक्त भोपाल मालसिंह ने हज 2023 के तहत व्यवस्थाओं में लगे विभागीय अधिकारियों को त्रुटि रहित कार्य संपादन के निर्देश दिए हैं । मिशन हज-2023 के सुचारू संचालन हेतु व्यवस्थाएं किये जाने के संबंध में बुधवार को संभागीय आयुक्त, भोपाल की अध्यक्षता में समस्त संबंधित विभागों एवं एजेन्सियों की समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में रफत वारसी, अध्यक्ष, मध्य प्रदेश राज्य हज कमेटी, डॉ. सनवर पटेल, अध्यक्ष, मध्य प्रदेश वक्फ बोर्ड, भोपाल तथा संबंधित विभागों एवं संस्थाओं के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक में अध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य हज कमेटी ने हज-2023 की सुचारू व्यवस्थाओं के लिए हज कमेटी की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया। संभागीय आयुक्त द्वारा सभी संबंधित विभागों, एजेंसियों एवं संस्थाओं को हज से संबंधित सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये । कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह द्वारा सभी संबंधित संस्थाओं को अग्रिम रूप से कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये। इस बैठक में रामजी अवस्थी, एयरपोर्ट डायरेक्टर, भोपाल, डॉ. प्रभाकर तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, भोपाल, विजय भागवानी, डी.सी.पी., भोपाल, मान सिंह, सी.ए.एस.डी., डिप्टी कमान्डेन्ट, सी.आई.एस.एफ, मनीपाल सिंह, इन्सपेक्टर, सी.आई.एस.एफ, एयरपोर्ट, भोपाल, डॉ. रिचा सक्सेना, डिप्टी कमिश्नर, कस्टम, के.वी.एस. चैधरी, आयुक्त, नगर निगम, भोपाल कुलदीप तिवारी, कस्टम अधीक्षक, भोपाल, एस.सी. खरे, डी.जी.एम. एम.पी.ई.बी., भोपाल, विशाल कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

**कर चोरी करने वाले व्यवसाइयों पर कड़ी कार्यवाही**

## 23 करदाताओं से 4 करोड़ 95 लाख वसूले

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

वाणिज्यिक कर विभाग ने कर चोरी करने वाले करदाताओं के विरूद्ध बड़ी कार्यवाई करते हुए टाईल्स, हार्डवेयर एवं सेनेटरी गुड्स आदि से संबंधित कर चोरी में लिप्त 23 करदाताओं पर एक साथ छापे की कार्यवाही की गई। मौके पर कार्यवाही के दौरान कर एवं दण्ड के रूप में 4 करोड़ 95 लाख रूपये जमा कराए गए। कार्यवाही के दौरान लगभग 6.94 करोड़ रूपये की कर चोरी प्राथमिक रूप से पकड़ी गई। टेड्रिंग एकाउन्ट में पाए गए स्टाक एवं भौतिक रूप से पाए गए स्टाक में अंतर पाया गया। बिलों के मिलान में माल का अन्डर वेल्यूवेशन कर विक्रय किया जा रहा है।, जिससे माल की कीमत और मात्रा में अंतर पाया गया। वाणिज्यिक कर आयुक्त श्री लोकेश कुमार जाटव ने विभाग की डेटा एनालिसिस टीम को कर चोरी में संलग्न व्यवसाइयों पर कार्यवाही जारी रखने के निर्देश दिये हैं। विभाग द्वारा बड़े शहरों के अतिरिक्त छोटे जिला स्तर पर भी छापे की कार्यवाही की गई। इन्दौर में मेसर्स हरीश सेनिटेशन, मेसर्स हरीश कम्बाईन्स, मेसर्स हरीश सेनिटेशन एवंड ट्रेडलिंक्स एलएलपी, मेसर्स क्यूबिक इंटनेशनल, मेसर्स महालक्ष्मी मार्बल्स, मेसर्स जसपेयर प्लास्टिक, मेसर्स शिवा सेरेमिक्स, मेसर्स शिवा मार्बल एवं मेसर्स शिवा ग्रेनाईट्स, रतलाम के मेसर्स बुड क्राफ्ट के रतलाम के साथ व्यवसाय स्थल उज्जैन एवं मेसर्स पारसमल बसंतीलाल के रतलाम के साथ व्यवसाय स्थल इंदौर सम्मलित है। भोपाल में श्री गौरव जी मार्बल्स, मेसर्स श्री गौरव जी मार्बल एंड टाईल्स एवं मेसर्स फास्टली मार्मो प्रा.लिमि., ग्वालियर में मेसर्स अग्रसेन टाईल्स एवं सेनेटरी हाउस एवं मेसर्स वृंदावन प्लायवूड हब, जबलपुर में मेसर्स पगारिया मार्बल एण्ड सेरेमिक्स एवं मेसर्स सेरेमिक प्लाजा, सागर में मेसर्स जिनेन्द्र कुमार जैन, सतना में मेसर्स राजपाल ट्रेडर्स एवं मेसर्स राजपाल ट्रेडर्स एवं दमोह में मेसर्स सिंह हार्डवेयर हाउस एवं मेसर्स सिंह हार्डवेयर पर छापे की कार्यवाही की गई। मध्यप्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम 2017 के तहत चलित वाहनों की जाँच (मोबाईल चेकिंग) में माह अप्रैल 2023 में संभाग/वृत्तों में पदस्थ अधिकारियों को कार्यवाही हेतु अधिकार पत्र दिए गए। कर अपवंचन वाली वस्तुओं जैसे- पान मसाला, आयरन एवं स्टील, आयरन स्क्रेप एवं परचून आदि को चिन्हित कर कार्रवाई की गई। कर चोरी में लिप्त माल परिवहन करने वाले 90 वाहनों से कर एवं शास्ति के रूप में 2 करोड़ 52 लाख रूपये जमा कराये गये। कार्यवाही के दौरान पकड़े गए वाहनों से संबंधित व्यवसाइयों के संव्यवहारों की सप्लाई चेन का विश्लेषण किया जाकर आवश्यकतानुसार छापे की कार्यवाही भी की जा रही है।

## अंतराष्ट्रीय नर्सेज दिवर्स 2023 की पूर्व संध्या पर नर्सिंग विभाग द्वारा कैंडल मार्व का आयोजन



भोपाल। अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस की पूर्व संध्या पर एम्स के नर्सिंग विभाग द्वारा कैंडल मार्व का आयोजन किया गया । कैंडल मार्व को नर्सिंग कॉलेज सें कार्यपालक निदेशक प्रो. अजय सिंह की उपस्थिति में कैंडल प्रज्वलित कर रैली रॉमा इमरजेंर्सी तक निकाली। कार्यक्रम में डॉ. शशाांक पवार, अजीत कुमार - उपनिदेशक, डॉ. अमित अग्रवाल डॉ सैंकत दास, डॉ. लिली पोद्दार, वांदना कुशवाह आदि मौजूद रहे।

## आपदा प्रबंधन सस्ंथान केमाध्यम सेएनडीआरएफ की टीम ने एम्स भोपाल का दौरा किया



भोपाल। आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे देश के विभिन्न हिस्सों के एनडीआरएफ कर्मियों ने एम्स भोपाल के विशेष सचूना केंद्र का दौरा किया । उन्हें आपदाओं के दौरान रासायनिक, औद्योगिक, आपातकाल के दौरान अपेक्षित प्रतिक्रिया पर व्यापक प्रशिक्षण सत्र भी मिला । एम्स भोपाल में इस प्रकार के प्रशिक्षण सत्रों को हर्मोा प्रोत्साहित करने के लिए एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) अजय सिंह ने एनडीआरएफ कर्मियों के इस प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत की।

## परिवहन मंत्री ने जैसीनगर में कराया 500 जोड़ों को नव दांपत्य जीवन में प्रवेश

### 500 बेटियों का कन्यादान महायज्ञ के समान: राजपूत



सागर। जैसीनगर के मंडी प्रांगण में भव्य मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 500 विवाह हुये जिसमें राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत अपनी धर्मपत्नि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सविता सिंह राजपूत के साथ पहुंचे जहां उन्होंने 500 जोड़ों को नव दांपत्य जीवन में प्रवेश कराया इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि हमारे यहां मान्यता है कि एक कन्या का कन्यादान यज्ञ के बराबर होता है जैसीनगर में तो 500 कन्याओं का एक साथ कन्यादान किया गया जो महायज्ञ के समान है। मुझे खुशी है कि मैं अपने परिवार के साथ इस महायज्ञ में शामिल हुआ। श्री राजपूत ने कहा कि सभी बेटियों को 49 हजार का चैक दिया जायेगा ताकि वह अपने पसंद का घर गृहस्थी का साज और सामान खरीद सकें। भाजपा की सरकार ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना जैसी कई योजनायें चलाई हैं ताकि हमारी मातायें बहनों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि पिछले दिनों राहतगढ़ में इसी तरह का भव्य आयोजन किया गया था जिसमें 409 जोड़ों ने नव दांपत्य जीवन में प्रवेश किया था राहतगढ़ में एक बार पुनः मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत विवाह कराये जायेंगे जो लोग रह गये है वह उसमें अपने बेटा बेटी का विवाह धूम धाम से करा सकते हैं विवाह आयोजन में राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तथा उनकी पत्नि सविता सिंह राजपूत द्वारा सभी नव विवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर शुभकामनायें दी।

विवाह समारोह में सभी नव जोड़ों के लिये 49 हजार रूपये का चैक दिया गया तथा श्रीमति सविता सिंह राजपूत द्वारा सभी बेटियों को साड़ी एवं उपहार सामग्री भेंटी की गई। इस अवसर पर श्रीमति सविता सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सभी बेटियों की शादी धूमधाम से की गई है एक समय था जब माता पिता का बेटी की शादी के खर्च का बड़ा बोझ होता था लेकिन अब यह बोझ भाजपा सरकार ने अपने सिर ले लिया है और बेटियों की शादी धूमधाम से होती है।

### श्रीमति सविता सिंह राजपूत ने गाये विवाह गीत

इस अवसर पर श्रीमति सविता सिंह राजपूत ने विवाह गीत गाया एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने ढ़ोलक मंजीरों पर अपनी थाप छोड़ी इस विवाह समारोह में बुंदेली गायकों द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई जिस पर शादी में आये बाराती खूब नाचे और झूमे शादी समारोह में सभी बारातियों के लिये भोजन की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर श्रीमति सविता सिंह राजपूत ने सभी नव जोड़ों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि हर बेटी सुखी रहे और हर बेटा तरक्की करे हर माता पिता का सपना होता है कि उसकी बेटी जिस परिवार में जाये वहां खुशियां लाये हमारी भी यही शुभकामनायें है कि हमारी बेटियां हमेशा खुश रहें और खूब तरक्की करें।

## सम्पादकीय

# लोकतंत्र जिंदाबाद...!

देश की सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर संविधान और कानून की सही व्याख्या करके स्वयं को सर्वोच्च होने के मायने बता दिए। महाराष्ट्र और दिल्ली को लेकर दो मामले चल रहे थे, दोनों में सुप्रीम कोर्ट ने संवैधानिक व्याख्याओं के आधार पर नजीर पेश करते हुए कहीं न कहीं दोनों ही जगह ऐसे फैसले दिए हैं, जो आगे भी लोकतंत्र को रास्ता दिखाते रहेंगे।

महाराष्ट्र की बात करें तो उद्धव ठाकरे को वापस सत्ता तो नहीं मिल सकी, लेकिन एक तरह से जीत तो उन्हीं की हुई। संगठन को विधायक दल से ऊपर ही रखा कोर्ट ने। और सुप्रीम कोर्ट ने साफ-साफ कह दिया कि 'न तो संविधान और न ही कानून राज्यपाल को यह शक्ति देता है कि वह विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच या किसी खास दल के अंदर उभरे विवादों को निपटाने में कोई भूमिका निभाए।' कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्यपाल ने जितने भी इनपुट पर भरोसा किया, उनमें से कोई भी यह नहीं बताता कि असंतुष्ट विधायक सरकार से समर्थन वापस लेना चाहते थे। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर वह पिछली सरकार को बहाल करने का आदेश नहीं दे पा रहा तो सिर्फ इसलिए क्योंकि तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने विश्वास मत का सामना करने से पहले ही खुद इस्तीफा दे दिया था। यानि साफ है, शिंदे और भाजपा ने मिलकर जो भी किया, उसने लोकतंत्र को कलंकित किया, इसमें राज्यपाल की भी भूमिका अहम रही।

दूसरी महत्वपूर्ण बात यह कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में शिंदे गुट समर्थित एक विधायक को शिवसेना का विप नियुक्त करने के फैसले को भी गैरकानूनी करार दिया। इस मामले में कोर्ट का यह स्पष्टीकरण आगे भी पीठासीन अधिकारियों का मार्गदर्शन करेगा कि व्हिप की नियुक्ति विधायक दल के नहीं, पार्टी के अधिकार क्षेत्र की बात है। अपने दायरे का पूरा सम्मान करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने विधायकों की पात्रता का फैसला स्पीकर पर छोड़ दिया। जाहिर है, इसके बाद मौजूदा शिंदे सरकार के अस्तित्व पर मंडरा रहे जिस संकट की पिछले कई दिनों से महाराष्ट्र के राजनीतिक हलकों में चर्चा थी, वह टल गया है।

एक लिहाज से यह विपक्षी महाविकास गठबंधन के लिए भी राहत की बात है। जिस कथित संकट के कारण एनसीपी में फूट की आशंका जताई जा रही थी, वह संकट नहीं रहा तो अब सरकार बचाए रखने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने की जरूरत भी नहीं रही। इस पूरे प्रकरण में यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि भले कोर्ट ने अपने फैसले में यह बात कही नहीं हो, लेकिन जब गवर्नर का फ्लोर टेस्ट कराने का फैसला अवैध साबित हो गया तो उसकी वजह से बनी सरकार की वैधता कैसे बरकरार मानी जा सकती है। उद्धव ठाकरे ने नैतिक आधार पर मुख्यमंत्री का इस्तीफा मांग कर यही संकेत दिया है कि वह इस आधार पर मौजूदा सरकार को घेरते रहेंगे। लेकिन बीजेपी और शिंदे गुट की मुख्य चिंता उनकी यह मांग नहीं बल्कि 2024 के चुनावों में विपक्षी गठबंधन की ओर से मिलने वाली चुनौती होगी। पलड़ा तो कुल मिलाकर लोकतंत्र और विपक्षी गठबंधन का ही रहा। अब सत्तापक्ष से नैतिकता की बात सोचना तो एकदम बेमानी ही है, क्योंकि लोकतंत्र की धज्जियां तो उसी तरफ से उड़ाई जा रही थीं। हां, अब समझना महाराष्ट्र की जनता को है, वह किस तरफ जाती है, यह आने वाले चुनाव ही बताएंगे।

सुप्रीम अदालत का दूसरा फैसला दिल्ली सरकार को लेकर था। दिल्ली वाले केजरीवाल वर्षों से चिल्ला रहे हैं – हमारी सरकार का मतलब क्या है? केंद्र सरकार ने जो एलजी बैठा रखे हैं, हर बात में अड़ंगा लगा देते हैं। कोई काम करने नहीं देते। न जन कल्याण का, न सरकार का। उनके इशारे पर तमाम अफ़सर दिल्ली सरकार की फ़ाइलों को अटकाने के सिवाय कुछ नहीं करते। आखि़र हम करें तो क्या करें? किस तरह जनता से किए वादे पूरे करें और किस तरह लोगों के हितों की योजनाओं को लागू करें? तो सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को न्याय कर दिया। पाँच जजों की संविधान पीठ ने कहा- पब्लिक ऑर्डर, पुलिस और ज़मीन के मामलों को छोड़कर तमाम मामलों में एलजी को अब दिल्ली सरकार की सलाह पर ही काम करना होगा। इसके पहले दिल्ली सरकार और विधानसभा के कामकाज में भी एलजी की सलाह के बिना कुछ नहीं किया जा सकता था। कोर्ट के आदेश के बाद अब यह सब खेल ख़त्म हो गया है। तमाम अफ़सर अब दिल्ली सरकार के अधीन ही रहेंगे। कोर्ट का कहना था कि चुनी हुई सरकार उसके अफ़सरों को आदेश दे सकती है। इसमें एलजी की कोई भूमिका नहीं होगी। कल को कोई दूसरी सरकार भी आए तो उसे भी यह अधिकार हर हाल में मिलेगा। आखि़रकार केजरीवाल की वर्षों की मुराद पूरी हो गई और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार को उसके अधिकार भी मिल गए। यहां भी एक तरह से अदालत से लोकतंत्र जीता। देखना यह होगा कि जो लोग लोकतंत्र को अपना गुलाम बनाकर देश को तानाशाही के गर्त में धकेलने की साजिश में लगे हुए हैं, अब वो क्या करते हैं?

# अधिकारों का दुरुपयोग, सियासत का सबसे बड़ा रोग

**सरयूसुत मिश्र**

सरकारों के गठन और संचालन में राज्यपाल की संवैधानिक शक्तियों की व्याख्या है. सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में शिवसेना की उद्धव सरकार के पतन, राज्यपाल द्वारा फ्लोर टेस्ट के आदेश, विधायक दल द्वारा व्हिप निर्धारण और विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका सहित कई संवैधानिक सवालों पर फैसला किया है. राज्यपाल और उपराज्यपाल के संवैधानिक अधिकार और सियासत में दखल पर भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले में प्रकाश डाला गया है।

ऐसा माना जा रहा था कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार अस्थिर हो सकती है. शिंदे गुट के 16 विधायकों की अयोग्यता तय हो जाने पर सरकार की स्थिरता प्रभावित हो सकती है. सर्वोच्च अदालत के सामने विधायकों की अयोग्यता का प्रश्न तय करने के साथ ही राज्यपाल द्वारा फ्लोर टेस्ट के लिए दिए गए आदेश की वैधानिकता भी सुनिश्चित की जानी थी. इसके साथ ही अयोग्यता के प्रश्न को निर्धारित करने के पहले विधानसभा के अंदर शिवसेना विधायक दल के व्हिप पर भी संवैधानिक स्थिति स्पष्ट की जानी थी।

जब शिवसेना में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विधायकों में फूट हुई थी तब विभाजित विधायक दल द्वारा नियुक्त किये व्हिप को विधानसभा अध्यक्ष ने मान्यता प्रदान कर दी थी. दूसरी तरफ ठाकरे के विधायक दल ने टूटे हुए विधायकों को अयोग्य ठहराने की याचिका तत्कालीन विधानसभा उपाध्यक्ष के सामने प्रस्तुत की थी. दूसरे गुट ने विधानसभा उपाध्यक्ष पर ही प्रश्न खड़े कर दिए थे।

इस सारे राजनीतिक विवाद में शिवसेना में विधायकों में टूट के आधार पर राज्यपाल ने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को सदन में फ्लोर टेस्ट का आदेश दिया था. राजनीतिक अपरिपक्वता दिखाते हुए ठाकरे ने फ्लोर टेस्ट का सामना करने से पहले ही मुख्यमंत्री के पद से त्यागपत्र दे दिया था. इसके बाद एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री की शपथ दिलाई गई थी।

सर्वोच्च अदालत के फैसले से एकनाथ शिंदे की सरकार अप्रभावित बनी हुई है लेकिन इस सरकार के गठन के लिए चली सारी राजनीति और राज्यपाल की संवैधानिक प्रक्रियाओं को सुप्रीम कोर्ट ने गैरकानूनी मानते हुए अपने फैसले में ऐसी बातें कहीं हैं जो भविष्य में राज्यपाल और उपराज्यपाल के लिए नजीर बन सकती हैं।

सबसे पहला सवाल कि क्या किसी राजनीतिक दल की अंदरूनी कलह के आधार पर राज्यपाल हस्तक्षेप कर फ्लोर टेस्ट के निर्देश दे सकते हैं? इस पर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि महाराष्ट्र में तत्कालीन राज्यपाल का फ्लोर टेस्ट का आदेश कानून सम्मत नहीं है. ऐसे तथ्य नहीं है जिनके आधार पर फ्लोर टेस्ट के आदेश देने की आवश्यकता थी. राजनीतिक दल के अंदरूनी मामलों की राजनीति में राज्यपाल को हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं थी।



आखिर लंबे समय से राज्यपालों की भूमिका पर राजनीतिक सवाल खड़े हो रहे हैं. सरकारों के गठन और फ्लोर टेस्ट के लिए आदेश देने में राज्यपालों द्वारा संवैधानिक अधिकारों के दुरुपयोग के अनेक उदाहरण भारतीय राजनीति में उपलब्ध हैं. कई बार तो ऐसा भी हुआ है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा मुख्यमंत्री और सरकारों को बहाल तक किया गया है।

महाराष्ट्र के मामले में भी ऐसी संभावना बन सकती थी अगर उद्धव ठाकरे विधानसभा के अंदर फ्लोर टेस्ट में गए होते और वहां उनकी सरकार गिरी होती तो फिर स्टेटस को बनाये रखने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट फैसला देने पर विचार कर सकता था. चूँकि ठाकरे ने स्वेच्छा से इस्तीफ़ा दिया था इसलिए उनको किसी भी प्रकार से राहत देने की संभावना सुप्रीम कोर्ट के सामने नहीं था।

राज्यपाल के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष के फैसले भी विवादों में आते रहे हैं. विधायिका को स्वतंत्र रूप से अधिकार हैं. विधानसभा की कार्यवाही पर न्यायिक हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता. विधानसभा अध्यक्ष के फैसलों पर जरूर न्यायिक विचार किया जा सकता है. महाराष्ट्र में 16 विधायकों की अयोग्यता के मामले में विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका पर भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले में सवाल किए गए हैं. यद्यपि विधायकों की योग्यता पर निर्णय लेने में सुप्रीम कोर्ट ने हस्तक्षेप नहीं किया. अयोग्यता के मामले में निर्णय लेने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को ही अधिकार दिया है।

शिवसेना में दोनों गुटों के व्हिप के संबंध में जरूर सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्णय दिया है. सर्वोच्च अदालत का कहना है कि विधानसभा में व्हिप राजनीतिक दल द्वारा तय किया जाएगा. इसका निर्धारण विधायक नहीं कर सकते. महाराष्ट्र के मामले में एकनाथ शिंदे गुट ने जिस विधायक को व्हिप नियुक्त कर दिया था उसे विधानसभा अध्यक्ष ने मान्यता प्रदान कर दी थी. इसे सुप्रीम कोर्ट ने गैरकानूनी करार दिया है. विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय विधानसभा अध्यक्ष द्वारा ही किया जाना है. सुप्रीम कोर्ट ने कई संवैधानिक विषयों पर निर्णय के लिए मामला बड़ी संवैधानिक पीठ को भेज दिया है।

महाराष्ट्र में शिवसेना और महाराष्ट्र विकास अघाडी सरकार के पतन और एकनाथ शिंदे सरकार के गठन की सारी प्रक्रिया में संवैधानिक और नैतिक सवालों पर तो उद्धव ठाकरे को राहत महसूस हो सकती है लेकिन सत्ता के सवाल पर एकनाथ शिंदे और बीजेपी के लिए राहत मिली है. फ्लोर टेस्ट और व्हिप को मान्यता देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जहां निर्णय को गलत बताया है वही उद्धव ठाकरे के इस्तीफे के बाद नई सरकार के गठन के लिए राज्यपाल की कार्यवाही को वैधानिक निरूपित किया है।

महाराष्ट्र में पिछले कई दिनों से सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर निगाहें टिकी हुई थी. यहां तक कि एनसीपी में जो राजनीतिक घटनाक्रम हुआ है उसके पीछे इस फैसले की पृष्ठभूमि को देखा जा रहा था. ऐसा माना जा रहा था कि यह फैसला एकनाथ शिंदे के खिलाफ आएगा तो वर्तमान सरकार पर इसका प्रभाव पड़ेगा और अजित पवार के नेतृत्व में बीजेपी एक नए समीकरण के तहत सरकार का गठन कर सकती है. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब ऐसी परिस्थितियां बनी है कि महाराष्ट्र की सरकार सुरक्षित लग रही है।

सुप्रीम कोर्ट का दूसरा फैसला दिल्ली की केजरीवाल सरकार और केंद्र सरकार के बीच अधिकारों को लेकर विवाद पर आया है. दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच में टकराव देखा जा रहा था. दिल्ली सरकार को अधिकारियों की ट्रांसफर पोस्टिंग के अधिकार भी नहीं दिए गए थे. सुप्रीम कोर्ट के आज के फैसले के बाद दिल्ली सरकार को इसकी स्वायत्तता मिली है. केंद्र शासित राज्य होने के बाद निर्वाचित सरकार को अपने कामकाज के लिए स्वायत्तता मिलनी ही चाहिए।

उपराज्यपाल लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित अथॉरिटी नहीं होते. लोकतंत्र में सारे अधिकार निर्वाचित सरकार के पास ही होते हैं. राज्यपाल और उपराज्यपाल को कैबिनेट की सलाह पर काम करना होता है. लंबे समय से दिल्ली की केजरीवाल सरकार इसके लिए संघर्ष कर रही थी. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार को राहत मिली है. इससे दिल्ली में उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच टकराव रुकेगा वही दिल्ली के विकास के लिए लोकतांत्रिक ढंग से फैसले लेने में तेजी आएगी।

भारत का लोकतंत्र अमृत काल में पहुंच गया है. उम्मीद तो यह की जानी चाहिए कि लोकतांत्रिक अनुभव में परिपक्वता आएगी. शुरुआत में जो समस्याएं दिखी थी उनका समाधान निकलेगा लेकिन दुर्भाग्य की स्थिति देखी गई कि विभिन्न दलों की सरकारों के बीच टकराव बढ़ता ही गया. केंद्र और राज्य के बीच संघीय व्यवस्था का टकराव कम होने के बजाय बढ़ता हुआ ही दिखाई पड़ रहा है. राज्यपालों की भूमिका को लेकर तो केंद्र की सरकार और राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारों के बीच तकरार सीमाएं तोड़ चुका है।

कई राज्यों में ऐसे विवाद सतह पर दिखाई पड़ते हैं. जहां निर्वाचित सरकार द्वारा पारित विधेयकों को राज्यपाल द्वारा लंबे समय तक लटकाए रखा जाता है. कई राज्यों द्वारा तो इस बारे में सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई कि राज्यपालों को समय सीमा में विधेयकों पर निर्णय लेने के निर्देश दिए जाएं. सहयोग,समन्वय और संवाद की बुनियाद पर खड़ा लोकतंत्र, असहयोग टकराव और विवाद का स्वरूप लेता जा रहा है।

संवैधानिक मामलों में तो लोकतांत्रिक व्यवहार इतना सटीक और सार्थक होना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करने का अवसर ही नहीं आए. सुप्रीम कोर्ट द्वारा लोकतंत्र से जुड़े संवैधानिक विषयों पर आने वाले फैसलों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. यह संख्या लोकतंत्र की परिपक्वता पर सवाल खड़े कर रही है. इन सवालों पर जनप्रतिनिधियों को सतर्कता के साथ आचरण करने की जरूरत है।

# चीन की बढ़ती धाक

**एनके त्रिपाठी**

प्रधानमंत्री मोदी अपने कार्यकाल की पहली औपचारिक शासकीय यात्रा पर 22 जून को अमेरिका जा रहे हैं। वैसे तो मोदी लगभग प्रतिवर्ष ह की बैठकों में भाग लेने के लिए जाते रहे हैं, परंतु यह पहला अवसर है जब उन्हें प्रेसिडेंट बाइडेन का औपचारिक निमंत्रण प्राप्त हुआ है। स्पष्ट है कि राजनयिक पर्दे के पीछे दोनों देशों द्वारा इसके लिए गंभीर प्रयास किये गये हैं। दोनों ही देश चीन की उभर चुकी सैन्य शक्ति और रूतबे से आशंकित और प्रताड़ित हैं।

चीन ने पिछले चार दशकों में आश्चर्यजनक आर्थिक प्रगति की है और वह शनैः-शनैः अमेरिका की त्ष्ठक्कके निकट पहुँच रहा है। चीन ने राष्ट्रपति शी जिनपिंग के शक्तिशाली नेतृत्व में अपनी आर्थिक सम्पदा से सैन्य शक्ति में बहुत तेज़ी से प्रसार किया है। आज उसकी नौसेना इंडो-पैसिफिक में इस पूरे क्षेत्र के लिए चुनौती बनी हुई है। विगत एक दशक से शी जिनपिंग ने आक्रामक रुख़ अपना कर अपने सभी पड़ोसी देशों को सैन्य कार्रवाई करके अथवा धमकी दे कर भयाक्रान्त कर रखा है। वियतनाम, फिलीपींस, जापान और ताइवान के साथ ही उसने भारतीय सीमाओं पर भी भारी दबाव बना रखा है। कुछ वर्ष पहले तक हम अपने छोटे दुश्मन पड़ोसी देश पाकिस्तान को दुनिया में अलग थलग पड़ता हुआ देख कर प्रसन्न थे। परन्तु आज भारत स्वयं अपने को घिरा हुआ अनुभव कर रहा है।



गोवा में हाल ही में सम्पन्न हुई शंघाई कोआपरेशन आर्गेनाइजेशन (स्ष्टह्र) की बैठक में यह स्पष्ट हो गया कि यह संगठन चीन के दबदबे के नीचे दबा हुआ है और इसमें कोई भारतीय हित पूरे नहीं हो सकते हैं। विगत कुछ वर्षों से भारत ब्रिक्स में भी देख रहा है कि वहाँ पर कोई ऐसा प्रस्ताव चीन पारित नहीं होने देता है जिसमें भारत के हित जुड़े हों। ह की सिक्यॉरिटी काउंसिल के स्थायी और वीटो प्राप्त सदस्य होने की दम पर वह भारत के चाहे अनुसार किसी ख़तरनाक आतंकवादी को अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित नहीं होने देता है। एशिया और अफ्रीका के अनेक देशों को उसने क़र्ज़ों में जकड़ लिया है और उनका आर्थिक और सैनिक रूप से शोषण कर रहा है।

यूक्रेन युद्ध ने रूस को चीन की गोद में ढकेल दिया है। रूस एक बड़ी न्यूक्लियर शक्ति होने के बावजूद आर्थिक दृष्टि से बहुत कमजोर है। इस युद्ध के भार से तथा पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के कारण वह अब आर्थिक संसाधनों वाले चीन की ओर बढ़ चुका है। भारत के स्वतंत्र होने से लेकर आज तक रूस हमारी सहायता करता रहा है। उसने अनेक दशकों तक ह में पश्चिमी देशों के पाकिस्तान के समर्थन पर अपने वीटो से भारत की सहायता की है। जब पश्चिमी देश भारत को सैन्य साजो सामान देने से परहेज़ कर रहे थे तब उसने भारत को अपेक्षाकृत सस्ते दामों पर सैनिक सामग्री प्रदान की। चीन के प्रभाव में अब रूस की भारत के साथ मित्रता में शिथिलता आना स्वाभाविक है।

चीन ने मध्यपूर्व के सऊदी अरब और ईरान के बीच समझौता करवा कर विश्व को चकित कर दिया है। पश्चिमी देशों की इस क्षेत्र में पकड़ ढीली पड़ती हुई दिखाई दे रही है। भारत सऊदी अरब और ईरान दोनों का मित्र है परन्तु वह इन दोनों में कोई समझौता नहीं करा सका और न ही इसके बारे में सोच भी सका। चीन अपने साथ रूस, पाकिस्तान और ईरान को लेकर भारत की कठिनाइयाँ बढ़ा देगा। भारत दक्षिण एशियाई क्षेत्र में शांति स्थापित कर तेज आर्थिक प्रगति करना चाहता है परन्तु चीन इन प्रयासों को विफल करने में कोई भी युक्ति नहीं छोड़ेगा।

भारत बहुध्रुवीय विश्व का समर्थक है जिसमें सभी विश्व शक्तियों को सह अस्तित्व का अवसर प्राप्त हो। चीन द्वारा भारत की घेराबंदी भारत को इस उद्देश्य में सफल नहीं होने देगी। चीन का खुला आक्रामक रुख़ अब भारत को कड़े निर्णय लेने के लिए बाध्य कर रहा है। भारत को अमेरिका और उसके कुछ मित्र देशों जैसे जापान और ऑस्ट्रेलिया आदि का पूरा रणनीतिक (स्ट्रेटजिक) लाभ लेना होगा। मोदी को बाइडेन से क्वॉड को सुदृढ़ सैनिक सहयोग करने वाला संगठन बनाने के लिए ज़ोर देना होगा। वैसे भी दोनों देशों के पास इसके अतिरिक्त और विकल्प नहीं है।

# कर्नाटक के बाद मध्यप्रदेश में रेस

**राकेश अचल**

एक्जिट पोल पर यकीन नहीं करना चाहिए,जनादेश कुछ भी हो सकता है ,लेकिन कर्नाटक के नाटक का पटाक्षेप हुआ सा लगता है .यवनिका के पीछे से जो आवाजें आ रहीं हैं वे बजरंगबली की नहीं हैं।

कर्नाटक के बाद अब रेस होना है मध्यप्रदेश में ,राजस्थान में ,छत्तीसगढ़ में .लेकिन आज हम मध्यप्रदेश की बात करते हैं ,क्योंकि मध्यप्रदेश में एक पिता अपने बेटे को सत्ता के शिखर तक पहुंचाने के लिए दिन-रात एक किये हुए है।

मध्यप्रदेश में सत्ता का संग्राम कर्नाटक की ही तरह रोचक होने वाला है,क्योंकि यहां राजस्थान और छग से अलग परिदृश्य है .मध्यप्रदेश में कांग्रेस की दशा घायल शेर जैसी है.उस शेर जैसी जिसके मुंह से मांस का टुकड़ा छीन लिया गया हो और बेचारा कुछ न कर पाया हो।

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के लिए इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा के चुनाव प्रतिष्ठा का प्रश्न बने हुए हैं। मध्यप्रदेश में अब न कांग्रेस पहले वाली कांग्रेस है और न सत्तारूढ़ भाजपा पहले जैसी भाजपा .कांग्रेस की सरकार बनवाने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया अब भाजपा का महल रोशन कर रहे हैं ,जबकि कांग्रेस में सारा दारोमदार कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ने अपने कन्धों पर ले रखा है .कमलनाथ को अपनी प्रतिष्ठा बचाना है और अपमान का बदला लेना है जबकि दिग्विजय सिंह को अपने बेटे जयवर्द्धन को सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाना है .दोनों के लक्ष्य साफ़ हैं और इनकी राह में अब कोई रोड़ा भी नहीं है।



पिछले तीन साल से सत्तारूढ़ भाजपा भी अब पहले जैसी भाजपा नहीं रही. भाजपा तो मध्यप्रदेश में 2018 में ही जनता द्वारा खारिज की जा चुकी थी,लेकिन अब तीन साल सत्ता में रहने के बाद उसकी दशा 2018 से भी ज्यादा खराब हो गयी है .2018 में शिवराज बनाम महाराज था लेकिन 2023 में शिवराज और महाराज एक ही मंच पर हैं .महाराज के भाजपा में शामिल होने से भाजपा मजबूत होने के बजाय और कमजोर हो गयी .इसका ताजा उदाहरण है की भाजपा के दिग्गज नेता रहे पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के पुत्र और पूर्व मंत्री दीपक जोशी भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए।

सत्तारूढ़ भाजपा में असंतोष की गाजर घास चारों और फ़ैल चुकी है. असंतुष्ट नेता अपने हिस्से का एक पौंड गोश्त मांग रहे हैं और न देने पर दीपक जोशी बनने की परोक्ष तथा प्रत्यक्ष धमकियां भी दे रहे हैं .मतलब साफ़ है की भाजपा को विधानसभा चुनाव लड़ने से पहले अपने आपसे लड़ना पडेगा .यानि भाजपा के लिए वर्ष 2023 का विधानसभा चुनाव वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव से भी ज्यादा कठिन चुनाव है।

लौटकर आते हैं कांग्रेस पर. कांग्रेस में कमलनाथ ने स्पष्ट कार्य विभाजन कर दिया है. उनका कोई प्रतिद्वंदी नहीं है. वे अपने ढंग से काम कर रहे हैं। कमलनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को संगठन की कमान सौंप दी है .तोड़फोड़ और प्रबंधन का जिम्मा उन्होंने अपने कन्धों पर लिया है .टिकिट वितरण में भी भी उन्हें किसी की नहीं सुनना .जो जीतने लायक होगा टिकिट पायेगा और नहीं होगा उसे जाना ही होगा।

कमलनाथ के स्वभाव को समझने और जानने वाले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह चुपचाप अपने मिशन में लग गए हैं .दिग्विजय सिंह पूरे प्रदेश में अपने बेटे जयवर्धन के साथ विधानसभा क्षेत्रों का द्वारा कर रहे हैं। दरअसल दिग्विजय सिंह की मुहीम कांग्रेस की सत्ता में वापसी के साथ ही अपने बेटे को सत्ता के शीर्ष पर पहुंचाने की है .वे इस खेल में माहिर हैं. कांग्रेस की सरकार में भी उन्होंने अपने बेटे को पहली बार में ही केबिनेट स्तर का मंत्री बनवा लिया था ,और इसके लिए कितने नियम तोड़े गए थे,ये बताने की जरूरत नहीं है. दिग्विजय सिंह जानते हैं की 2023 के विधानसभा चुनाव के बाद भले ही कमलनाथ मुख्यमंत्री बन जाएँ किन्तु वे ज्यादा दिन ये जिम्मेदारी निभाएंगे नहीं और अंततः वे अपने बेटे को आगे बढ़ा सकते हैं .कुछ लोगों का मानना है की 2018 में कांग्रेस की सरकार को बचाया जा सकता था लेकिन उसे जानबूझकर कुर्बान किया गया ताकि दिग्विजय में कोई व्यवधान न आये ,और ज्योतिरादित्य सिंधिया बाहर जाए।

दिग्विजय संघ की ही तरह भाजपा और कांग्रेस के तमाम शीर्ष नेताओं में अपने बच्चों के राजनीतिक भविष्य को लेकर फिक्रमंदी है .हर कोई चाहता है की इस बार के विधानसभा चुनाव में उनके बच्चे कम से कम विधायक तो बन ही जाएँ. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इस बार अपने बेटे आर्यमन को चुनाव मैदान में उतारना चाहते हैं,लेकिन वे विधानसभा के रास्ते राजनीति में आएंगे या लोकसभा के रस्ते, ये अभी स्पष्ट नहीं है .केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर अपने बेटे देवेंद्र प्रताप सिंह के लिए और भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष प्रभात झा आपने बेटे तुष्मुल झा के लिए चिंतित हैं .पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह अपने बेटे के लिए तो स्थानीय सांसद विवेक शेजवलकर अपने बेटे के लिए कुर्बानियां देने को तैयार दिखाई देते हैं।

कर्नाटक के विधानसभा चुनाव परिणाम आते ही मध्यप्रदेश में परिदृश्य साफ़ हो जाएगा. राजस्थान और छग में स्थितियां साफ़ दिखाई दे रही हैं .वहां जो होना है सो लगभग तय है .इसलिए भाजपा को सबसे ज्यादा फ़िक्र मध्यप्रदेश की है .मध्यप्रदेश देश में भाजपा की सरकार बनवाने वाले प्रदेशों में से एक प्रमुख प्रदेश है.यहां की लोकसभा की 29 सीटों में से 28 भाजपा के पास हैं ,लेकिन यदि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन गयी तो भाजपा के लिए 2024 के आम चुनाव में मध्यप्रदेश से अपने लिए ज्यादा हासिल करना कठिन हो जाएगा। मध्यप्रदेश में भाजपा के सामने सत्ता का एक अनार है और सौ बीमार हैं जबकि कांग्रेस में ऐसी दशा नहीं है. कांग्रेस में स्पष्ट है कि सरकार बनने पर कौन मुख्यमंत्री बनेगा?

यह तय है कि इस बार का विधानसभा चुनाव पिछले चुनावों से बिलकुल अलग दिखाई देगा .देखना होगा कि कौन सा पिता अपने बेटे के लिए जमीन हासिल कर पाता है और कौन सा नहीं ?

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## देहात थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह राजपूत पहुंचे अस्पताल चौराहे पर, धरना दे रहे परिजनों से मिलकर उचित कार्यवाही का दिया भरोसा

**दमोह।** देहात थाना के सागर नाका पुलिस सहायता केंद्र क्षेत्र अंतर्गत हिरदेपुर के पास एक युवक ट्रेन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पुलिस के द्वारा 108 की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।युवक के पास सोसाइड नोट मिला है जिसमें उस दुकान के संचालक पर प्रताड़ना के आरोप लगाए गए हैं जहां वह काम करता था। मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल के बाहर हंगामा करने लगे जिसकी सूचना मिलते ही देहात थाना प्रभारी सतेन्द्र सिंह राजपूत सहित पुलिस भी मौके पर पहुंचाऔर परिजनों को समझाइश देकर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया जिसके बाद परिजन शव लेकर रवाना हो गए। पुलिस कर रही मामले को जांच ।

## राजा नल की कुल देवी के मंदिर में चोरी

**शिवपुरी** - जिले के नरवर थाना क्षेत्रांतर्गत ऐतिहासिक नरवर किले में स्थित राजा नल की कुलदेवी पसर देवी के प्राचीन मंदिर को चोरों द्वारा निशाना बनाया गया है।चोर इस मंदिर की छत पर लगे कलश के कई हिस्सो व त्रिशूल के साथ साथ अन्य सामान भी चुराकर अपने साथ ले गये। मामले की शिकायत मंदिर के पुजारी ने नरवर थाने में दर्ज कराई है।

पुजारी नागेंद्र भार्गव ने बताया की नरवर के किले पर स्थित मंदिर में चोर मंगलवार की रात पीतल के कलश में लगे हुए 16 तस्सलनुमा कटोरे, एक कीपनुमा कटोरा, एक त्रिशूल और पीतल की दो रॉड को चुराकर ले गए। इसकी जानकारी बुधवार को पुजारी को तब मिली जब वह पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचा। चोरी सामान की कुल कीमत करीब 35 हजार रुपए बताई जा रही है।

पुजारी नागेंद्र भार्गव ने बताया कि मंदिर के बाहर मुझे देवेंद्र सेन उर्फ बिट्ठू सेन निवासी थरखेड़ा दिखाई दिया था, शक है कि मंदिर में चोरी उसी के द्वारा की गई है। उक्त चोर मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है।

भार्गव ने बताया कि कुछ रोज पूर्व नरवर की लोड़ी माता मंदिर में भी इसी चोर को चोरी करते हुए पकड़ा गया था। अगर पुलिस देवेंद्र से कड़ाई से पूछताछ करें तो चोरी किया हुआ सारा सामान वापस मिल सकता है। नरवर थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## उच्च शिक्षा से संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए 12 से 25 तक लगेगा शिविर

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर सहायक कुलसचिव ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान द्वितीय चरण 2023 अंतर्गत छात्र-छात्राओं के अंकसूची में त्रुटि सुधार एवं डुप्लीकेट अंकसूची, नामांकन, माइग्रेशन प्रमाण पत्र, प्रोविजनल उपाधि, स्थानांतरण प्रमाण, चरित्र प्रमाण पत्र, छात्रवृत्ति तथा अन्य संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु 12 मई, 15, 19, 22 और 25 मई तक प्रात: 10:30 बजे से शाम 5 बजे विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन सभागार कक्ष में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समस्याओं के निराकरण हेतु छात्र-छात्राएं शिविर में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत करें।

## निमंत्रण यात्रा - मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को छींद में होने जा रहे यज्ञ का कम्प्यूटर बाबा ने दिया निमंत्रण



**बरेली।** ग्राम छींद में 20 मई से 30 मई तक 100 गांव का श्रीराम महायज्ञ का आयोजन एवं विख्यात कथावाचक पंडित अनिरुद्ध आचार्य के मुखारविंद से कथा का आयोजन और दो दिवसीय पंडोखर सरकार का दरबार लगना है इस आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में जोरों शोरों से चल रही हैं बाहर के कारीगरों द्वारा विशाल यज्ञशाला कथा स्थल तैयार किया जा रहा है इस आयोजन को इस क्षेत्र का ऐतिहासिक आयोजन माना जा रहा है यज्ञ संयोजक राष्ट्रीय संत कंप्यूटर बाबा द्वारा प्रदेश के तमाम राजनीतिक हस्तियों को इस महायज्ञ में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिए जा रहे हैं गुरूवार को मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कंप्यूटर बाबा ने निमंत्रण देकर आमंत्रण किया वहीं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सहित पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी,गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, पूर्व मंत्री जसवंत सिंह रघुवंशी सहित अन्य तमाम राजनीतिक हस्तियों को कंप्यूटर बाबा ने महायज्ञ प्रमुख अध्यक्ष मुन्ना पटेल, मुख्य यजमान रासबिहारी,महंत बाबा महाकाल, पवन रघुवंशी , जय सिया राम चौधरी, यशपाल सिंह रघुवंशी सरपंच प्रतिनिधि छींद के साथ आमंत्रण दिया।

# सांसद भार्गव ने भोजपुर क्षेत्र को दी 6 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



**सांसद भार्गव एवं विधायक पटवा ने भोजपुर क्षेत्र में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन**

**ओबेदुल्लागंज।** नगर परिषद ग्राउंड में भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमाकांत भार्गव एवं भोजपुर क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र पटवा विकास कार्यों एवं क्षेत्र को नई सौगात देने पहुंचे। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र में विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाना है।

कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय गीतों के साथ दीप प्रज्वलन, सरस्वती पूजन, कन्या पूजन एवं भूमि पूजन कर शुरआत की गई। सांसद रमाकांत भार्गव का क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा, नगर परिषद अध्यक्षा लक्ष्मी सोनू चौकसे एवं भाजपा सहित कार्यकर्ताओ व ग्रामीणों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। सांसद भार्गव द्वारा 6 करोड़ 16 लाख रुपए की राशि सांसद निधि से भोजपुर क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए सौगात दी। एवं विकास कार्यों की जानकारी दी। रमाकांत भार्गव सांसद जी ने कहा क्षेत्र को 6 करोड़ 16 लाख से अधिक विकास की सौगात दी जा रही है। जिसमें विकास कार्य कराए जाएंगे। कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तो सहकारी समिति का हाल बुरा था जिससे किसानों को नुकसान होता था। उसमे हमने सुधार कर किसानो को लाभ दिया। मुख्यमंत्री जी की लाडली लक्ष्मी योजना एवं गावों तक सड़क को जोड़ने, एवं क्षेत्र में विकास की धारा वह रही है। उन्होंने कहा और कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा इसमें कुछ लोग ऐसे है जिनको विकास पसंद है न विकास की बता पसंद है। हम तो विकास की बात करते रहेंगे। भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे सांसद रमाकत भार्गव जी के नेतृत्व में भोजपुर क्षेत्र के विकास के लिए 2 करोड़ से अधिक की राशि से भूमि पूजन कर भोजपुर क्षेत्र में विकास की धारा में लगाया जा रहा है। लगभग 4 करोड़ की लागत से 6 किलोमीटर की सड़क बनने जा रही है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार मुख्यमंत्री जी एवं सांसद जी के सफल नेतृत्व में निरंतर विकास कार्यों में लगी हुई है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसमें ओबेदुल्लागंज, गौहरगंज, सुल्तानपुर में भी विकास कार्य कार्य जा रहा है।

### विकास कार्यों की दी सौगात

1.भोजपुर क्षेत्र लगातार विकास कर रहा है इसी विकास धारा में क्षेत्र में 2 करोड़ से अधिक की राशि से विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

2. स्वच्छता सर्वेक्षण सर्वे में नगर को नबर वन बनाने के लिए सभी को एक साथ मिलकर नगर को स्वच्छ बनाए का संकल्प दिलाया।

3. शासन की 67 सेवाओं का लाभ एवं निराकरण के लिए नगर में शिविर लगाया जाएगा।

4. क्षेत्र में रेड बीआरटीएस बस को भोपाल से मंडीदीप से ओबेदुल्लागंज तक चलाने की सहमति दी गई।

5 स्वास्थ एवं शिक्षा के क्षेत्र में विकास कार्यों पर कार्य किया जा रहा है। समाज के अंतिम पंक्ति तक अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। विधायक निधि से 20 लाख की एंबुलेंस दी गई है।

6. क्षेत्र में 58 हजार लाडली बहना योजना में ऑनलाइन आवेदन दर्ज किए गए।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे, रविंद्र विजयवर्गीय, अरविंद जैन, नमिता अग्रवाल, विद्या जी, प्रीति चौकसे, भूपेंद्र नागर, एसडीएम प्रमोद गुर्जर, सीईओ जनपद, सीएमओ सोनाली शर्मा, भाजपा के समस्त कार्यकर्ता, सुरजीत सिंह गिल, सुनील बाल्मिकी, कन्हैया नंदवंशी, अशोक मित्तल आदि मौजूद रहे।

## सरकारी अस्पताल में वेंटिलेटर के लिए करेंगे भूख हड़ताल



**इटारसी।** शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी हॉस्पिटल में वेंटिलेटर की व्यवस्था ना होने पर कांग्रेस के युवा नेता गजानंद तिवारी ने भूख हड़ताल पर बैठने का फैसला किया। नगर प्रशासन के सामने लंबे समय से कांग्रेसियों के साथ युवा नेता गज्जू ने लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि शासकीय हॉस्पिटल में वेंटीलेटर व्यवस्था हो, परंतु आपर्याप्त कारणों से प्रशासन व्यवस्था करने में सक्षम नहीं है जिसके चलते कांग्रेसियों में रोष व्याप्त है । युवा कांग्रेस नेता गज्जू तिवारी ने शहर के जयस्तंभ चौक पर भूख हड़ताल पर बैठ गए। गज्जू का कहना है कि गंभीर इलाज के दौरान गंभीर बीमार से भर्ती मरीज़ इस सुविधा से वंचित है । इटारसी के एक मात्र श्यामा प्रसाद मुखर्जी हॉस्पिटल में -वेंटिलेटर जैसी अति आवश्यक जरूरत से लोग मेहरूम है। अगर यह व्यवस्था होती है तो डॉक्टर कई लोगों की जान बचा सकते हैं उन्होंने कहा कि हम अपनी आत्मा की आवाज पर आज 10 बजे से स्थानीय जयस्तम्भ चौक पर निर्जला उपवास भूख हड़ताल पर अपने कांग्रेश साथियों के साथ बैठ गए है । गज्जू ने कहा शहर की जनता स्नेह, आशीर्वाद सेवा दल यंग ब्रिगेड सेवादल को मिले जिससे हम गूंगी बहरी प्रशासन की अव्यवस्था के विरुद्ध अपना शांतिप्रिय विरोध प्रकट कर शासकीय हॉस्पिटल में वेंटीलेटर व्यवस्था कर सके।ज्ञात हो कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में वेंटिलेटर सुविधा के लिए निरंतर कई समय से बच्चों के द्वारा प्रयास किए जा रहे जिसके चलते

एसडीएम को कई बार ज्ञापन दिया गया, जहां तक कि नर्मदा पुरम कलेक्टर मध्य प्रदेश को मुख्यमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देकर स्थानीय मंदिर में सद्बुद्धि हवन एवं हनुमान चालीसा के पाठ किए गये।परंतु प्रशासन ने आज दिनांक तक हॉस्पिटल में वेंटिलेटर की व्यवस्था नहीं की है, जिसके चलते कांग्रेस नेता गज्जू तिवारी ने स्थानीय जयस्तंभ चौक पर भूख हड़ताल का फैसला लिया हैं।

## लापरवाही: जबेरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाई देता कचरा और वेस्ट



**दमोह।** जिला मुख्यालय से लगभग 42 किमी दूर जबलपुर सड़क मार्ग पर दिखाई देने वाला जबेरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फैला कचरा और वेस्ट स्वच्छता के प्रति उदासीनता को प्रकट करता है, जहां परिसर में कचरा, छत पर इस्तेमाल के बाद फैंके गए इंजेक्शन, भवन के बाहर कांच की शीशी, आई वी सेट की बोतल आदि दिखाई देती है जो मेडिकल वेस्ट के अंतर्गत भी आती है जिसे देखकर लगता है कि जो अस्पताल मरीजों की सेवा के लिए बनाया गया है उसकी लापरवाही से संक्रमण फैल सकता है पर जिम्मेदारो की आंखो मे बंधी पट्टी सिरिंज पडी खुले मे छुट्टी इनफेक्शन का बना रहता खतरा है।

## प्रथम रक्तदान से युवा हिमांशु जैन ने बचाई वृद्धा की जान




**छतरपुर।** आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने बताया कि एक निजी हॉस्पिटल में व्रद्ध माता जी का ऑपरेशन होना था जिसके लिये तीन यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी माता जी के परिजनों अपनी व्यथा आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान को बताई तो सतत प्रयाश से कपड़ा व्यवसायी हिमांशु ने आकर रक्तदान किया यह उनका जीवन का पहला रक्तदान है उन्होने कहा में काफी समय से रक्तदान करना चाहता था मेरी यही सेवा भावना थी कि मेरा रक्त बहुत ज्यादा जरूरत मंद को ही मिले आज में माता जी के लिऐ रक्तदान करके मुझे बहुत खुशी हो रही है यह अच्छी बात है युवा आगे आकर रक्तदान में रुचि दिखा रहे है और पीड़ित मानव सेवा का धर्म निभा रहे हिमांशु जैन का आपाजी ब्लड ग्रुप ने आभार व्यक्त किया।

# जनसेवा के भाव से लोगों को सेवाओं का दें लाभ: कलेक्टर

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. ने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के दूसरे चरण के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय निकायों के सीएमओ, इंजीनियर्स कि बैठक में 16 से 25 मई तक प्राप्त आवेदनों सहित निराकृत नहीं हुए आवेदनों को हर हाल में 31 मई तक निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने नगरीय निकायों की 13 एवं निकायों से संबंधित 12 सेवाओं को संबंधित वार्डों और जनपदों के ग्रामों में कैम्प आयोजित कर लाभ दिया जाऐगा। कलेक्टर श्री जीआर ने हिदायत दी कि जिन सेवाओं के आवेदनों की प्रक्रिया ऑनलाइन है वे ऑनलाइन ही लिए जाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया को औचक निरीक्षण में जांचा जाएगा। लंबित नोड्यूज प्रमाण पत्र, दुकानदारों के टेऊड लायसेंस, बिल्डिंगों एवं सभी होटलों अस्पतालों के फायर एनओसी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र, नामांतरण, नल कनेक्शन आदि सेवाओं का लाभ कैम्प में ही दिया जाए। उन्होंने कहा कि आमजनों को जनसेवा का भाव रखकर शासकीय सेवाओं का लाभ प्राथमिकता से दिया जाना चाहिए। इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सहयोग देने का आव्हान भी किया।

**मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान: कलेक्टर ने नपा छतरपुर में लगाए गए शिविर का किया निरीक्षण:** कलेक्टर संदीप जी.आर. ने नगरपालिका परिषद छतरपुर में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के दूसरे चरण अंतर्गत लगाए गए शिविर एवं नपा के जन्म-मृत्यु शाखा का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति चौरसिया, सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री जीआर ने निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर में आने वाले आवेदक का तत्काल निराकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि भवनों की अनुज्ञा देने में बिल्कुल भी देरी न करें। साथ ही निजी अस्पतालों में जन्म लेने वाले बच्चों की जानकारी प्रतिदिन लेकर तत्काल जन्म प्रमाण प्रत्र सौंपा जाए तथा मुक्तिधामों की मृत्यु पंजी से डेलीवेस मृतकों की जानकारी लेकर श्रद्धांजलि कार्यक्रम अंतर्गत तत्काल संबंधित के परिजन को उपलब्ध कराएं।कलेक्टर ने पात्र व्यक्तियों के स्वीकृत आवासों के स्वीकृति पत्र देने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यलयों में अनावश्यक पुराने रिकॉर्ड की ऑनलाइन फीडिंगकर विनिष्टीकरण करने को कहा।

## ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, पत्नी और बहन पर रखता था बुरी नज़र, गोली मार दी



**शिवपुरी** - एक हफ्ते पहले खनियाधाना थाना क्षेत्रांतर्गत कुलदीप लोधी की बुधना नदी के पास मिली लाश की गुत्थी का पुलिस द्वारा पर्दाफाश कर दिया गया है। कुलदीप की हत्या उसके साथी दीपक आदिवासी ने ही की थी,क्योंकि कुलदीप की नज़र उसकी बहिन एवं पत्नि पर थी और समझाने पर भी कुलदीप नही मान रहा था। 5 मई को कुलदीप अपने मित्र दीपक आदिवासी निवासीगण विशनपुरा थाना बामौरकला के मोटरसाईकल से भात देने ग्राम खैरबास गया था, खैरवास से लोटते समय खनियाधाना पिछोर रोड पर बुधना नदी के पास कुलदीप पुत्र रामप्रकाश लोधी उम्र 22 साल निवासी विशनपुरा की अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी एवं साथी दीपक आदिवासी पुत्र फेरन आदिवासी निवासी विशनपुरा को गोली लगने से घायल होने की स्थिति में थाना खनियाधाना मे अपराध धारा 302,307,34 का कायम कर जांच मे लिया गया ।

पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह द्वारा आरोपी को अति शीघ्र गिरफ्तार करने के आदेश दिए गए थे । उक्त आदेश के पालन मे एडी. एसपी प्रवीण कुमार भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में निरी. धनेन्द्र भदोरिया थाना प्रभारी थाना खनियाधाना एवं उनि पुनीत बाजपेयी द्वारा टीम गठित कर मामले की जांच की जा रही थी ।संदेही दीपक आदिवासी पुत्र फेरन आदिवासी से घटना के संबंध मे सख्ती पूछताछ की गई तो उसने बताया कि मेरी अनुपस्थिति मे मृतक कुलदीप लोधी मेरे घर आता जाता रहता था, मेरे घर पर मेरी बहन व पत्नि अकेली रहती थी,मृतक कुलदीप लोधी से घर आने का मना किया लेकिन बह नहीं माना इसी वजह से 5 मई को भात देकर लौटते समय बुधना नदी के पास मौका पाकर गोली मारकर कुलदीप की हत्या कर दी थी । अपराध से बचने के लिये आरोपी दीपक आदिवासी ने खुद के बायें कंधे मे भी गोली मार ली थी । आरोपी द्वारा घटना स्थल पर जाकर स्वयं के द्वारा छिपाकर रखी गई पिस्टल तथा दो चले हुए कारतूसों को जप्त कराया गया।

# फाइनल इयर सिविल इंजीनियरिंग छात्रों ने माईसेम सीमेंट दमोह के दोनों प्लांटों को देखा



**दमोह।** माईसेम सीमेंट दमोह प्लांट द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय दमोह के फाइनल ईयर सिविल इंजीनियरिंग ब्रांच के सभी विद्यार्थियों एवं सिविल विभाग के अध्यापको को माईसेम सीमेंट के दमोह में स्थित दोनों प्लांटों को भौतिक रूप से दिखाया गया 7 जिसमे उन्होंने देखा की किस प्रकार विश्व की सबसे बड़ी कंपनी हेइडेलबर्ग सीमेंट जिसका उत्पाद माईसेम सीमेंट है उसका उत्पादन भारतीय मानक को ध्यान में रखकर उच्च गुणवत्ता के साथ नरसिंहगढ़ फैक्ट्री में निरंतर किया जा रहा है। विद्यार्थियों एवं सिविल विभाग के अध्यापको ने सीमेंट उत्पादन में उपयोग हो रहे सभी रॉ मटेरियल को भौतिक रूप से देखा साथ साथ देखा की कंपनी हर एक स्टेप पर मटेरियल की गुणवत्ता की जाँच करती है जिससे कि उत्तम गुणवत्ता का सीमेंट का उत्पादन हो ताकि निर्माण कार्य को बेहतर बनाया जा सके 7 शासकीय पॉलिटेक्निक के सिविल विभाग के एच.ओ.डी. सिद्धार्थ जावरकर, टी.पी.ओ. रोहित यादव, आयुष मिश्रा , एवं नितिन मिश्रा ने विशेष रूप से बताया की कंपनी काफी मेहनत के साथ सीमेंट का उत्पादन तो कर रही है साथ साथ सम्पूर्ण प्लांट को स्वच्छता के साथ चलाया जा रहा है और कंपनी पुरे प्लांट के अंदर एवं बाहर वृक्षों को लगाकर हरियाली बनाये हुए है ताकि प्लांट स्थित जगह का तापमान शहर के तापमान से 2 से 3 डिग्री कम रह सके।

## कलेक्टर ने 15 आवेदकों को सौंपे अनुकम्पा के नियुक्ति पत्र

**छतरपुर।** कलेक्टर संदीप जी.आर. ने अनुकरणीय पहल करते हुए बुधवार को कलेक्टर कार्यालय छतरपुर के प्रांगण में आयोजित शिविर जिसमें जिले में 15 आवेदकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इनमें शिक्षा विभाग में 10 और तहसील कार्यालयों में 05 आवेदकों की नियुक्ति शामिल हैं। कलेक्टर जीआर के निर्देशन में एडीएम नम: शिवाय अरजरिया के नेतृत्व में डीईओ शिक्षा विभाग एम.के. कोटार्य एवं कोषालय अधिकारी बी.के. श्रीवास्तव के प्रयास से यह लंबित प्रकरण निपटे। कलेक्टर जी.आर. ने अनुकंपा नियुक्ति के आदेश सौंपने के साथ सभी को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं भी दी। सभी आवेदक नियुक्ति पत्र पाकर हर्षित हुए और उन्होंने आभार व्यक्त किया। शिक्षा विभाग छतरपुर में चतुर्थ श्रेणी में कुलदीप सिंह पवार, अभय कुमार कबीर, गोविंद राय, बृजेन्द्र कुमार पटेल, साकेत कुमार द्विवेदी, कमलेश बसोर, प्रमोद कुमार अहिरवार, सुशील कुमार प्रजापति, श्रीमती राजकुमारी अहिरवार एवं दीपक राजपूत सहित 10 लोगों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई।


**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**

**वार्ड क्र- 16, जोन क्र- 04**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल के भूखण्ड एवं दुकानों का नामांतरण किया जाना है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | मूल आवंटी का नाम | स्थान - भूखण्ड / दुकान | आकार | नामांतरण हेतु प्रस्तुत आवेदक | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुधीर गुप्ता आत्मज श्री सत्यनारायण गुप्ता | भूखण्ड क्र. 29 कैटेग्राईज्ड मार्केट खसरा क्र 300,302,304,305 | 1462 वर्गफुट | श्री निजाम अली आत्मज श्री नवाब अली | आवेदन पत्र / शपथ पत्र / बयान पत्र |

उपरोक्त नामान्तरण पर किसी भी व्यक्ति / बैंक/ संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो, सूचना पत्र के 15 दिवस के भीतर जोन कार्यालय क्र- 04, वार्ड क्र.-16 के कार्यालय में शपथ-पत्र मय साक्ष्य के प्रस्तुत करें। नियत समयावधि में यदि कोई आपत्ति नहीं होती है तो, यह माना जावेगा कि कोई आपत्ति नहीं है और प्रकरण में विधिवत नामांतरण हेतु कार्यवाही की जावेगी। समयसीमा के पूर्ण होने के पश्चात आपत्ति मान्य नही होगी।

सू.क्र. 246/023/024

जोनल अधिकारी
जोन क्र. 04 नगर निगम, भोपाल

## इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 3 में आफरीन आफरीन गाने पर शिवांशु और समर्पण की जोरदार परफॉर्मेंस देखकर पुरानी यादों में खो गईं जज गीता कपूर

**मुंबई , एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के देसी डांस रियलिटी शो इंडियाज़ बेस्ट डांसर 3 में इस शनिवार मनोरंजन का मीटर दोगुनी तेजी से भागेगा, जब सारे कंटेस्टेंट्स बेस्ट का डबल टेस्ट जीतने के लिए जी-जान लगा देंगे। इसमें बेस्ट 13 में शामिल दो या तीन कंटेस्टेंट्स एवं उनके कोरियोग्राफर्स ग्रुप बनाकर ईएनटी स्पेशलिस्ट्स एवं जजेस - सोनाली बेंद्रे, गीता कपूर और टेरेंस लुइस का दिल जीतने और उनके मार्क्स हासिल करने के लिए परफॉर्म करेंगे। इसमें दर्शकों के लिए भी एक शानदार ट्रीट होगी, जहां कंटेस्टेंट्स शिवांशु और समर्पण अपने कोरियोग्राफर्स परमदीप सिंह और श्वेता वॉरियर के साथ मिलकर पॉपुलर गाने आफरीन आफरीन पर एक धमाकेदार परफॉर्मेंस देंगे। शिवांशु और समर्पण की दिलकश परफॉर्मेंस जज गीता कपूर को यादों की गलियों में ले जाएंगी। गीता याद करेंगी की किस तरह उन्होंने नुसरत फतेह अली खान की आवाज़ में गाए गए ओरिजिनल सॉन्ग आफरीन आफरीन को कोरियोग्राफ किया था, जो 1996 में आए एल्बम संगम में शामिल था। गीता कपूर अपनी भावनाएं ज़ाहिर करते हुए कहेंगी,यह सॉन्ग बहुत-से लोगों का ऑल-टाइम फेवरेट है। मैं खुशकिस्मत थी कि जिस वक्त ये गाना बनाया जा रहा था, उस वक्त मैं स्टूडियो में मौजूद थी। इसका हर इंस्ट्रूमेंट चाहे वो मटका, बांसुरी या कुछ और हो, उन्हें धुन को निखारने के लिए बजाया जा रहा था। यदि आप ओरिजिनल लाइव परफॉर्मेंस सुनेंगे तो यह कमाल की थी और जिस तरह से आज इस गाने को रीमिक्स किया गया है, वो भी कमाल का है। जब ये गाना बनाया जा रहा था, उस समय मैंने नहीं सोचा था कि आज तक इस गाने का इतना दमदार असर रहेगा। गीता कपूर आगे बताती हैं, हम यह वीडियो शूट करने जैसलमेर गए थे और मैंने ये गाना कोरियोग्राफ किया था। मैंने कभी नहीं सोचा था और आगे भी नहीं सोच सकती कि इस गाने में दिखाए गए चेहरों से बेहतर या ज्यादा सुंदर कोई चेहरा हो सकता है। इस सॉन्ग में दिखाए गए चेहरे इस गाने के लिए मुकम्मल थे और मुझे इसकी कोरियोग्राफी करने में बहुत मजा आया। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इस गाने को इस तरह देखूंगी। इसे इस तरह पेश करने के लिए आपका धन्यवाद। मुझे इसके बारे में बहुत-सी चीजें पसंद आईं। मैं देख सकती थी कि किस तरह आपने एक दूसरे की स्टाइल्स में एक दूसरे की मदद की। मैं आप सभी को एक दूसरे में देख सकती थी। बेस्ट का डबल टेस्ट यह देखने के लिए था कि आप किस तरह साथ काम करते हुए एक दूसरे के साथ तालमेल बनाते हैं और आपने इस टेस्ट में बहुत बढ़िया प्रदर्शन किया।

## आयुथवेदा के चारकोल इन्फ्यूज्ड रेंज के साथ अपनी त्वचा की प्राकृतिक चमक को करें अनलॉक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयुथवेदा के एक्टिवेटिड चारकोल रेंज अल्टीमेट स्किन डिटॉक्स रेजिमेन के साथ आता है जिसे त्वचा को भीतर से साफ करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। प्रोडक्ट की यूनिक सेलिंग धारणा प्राकृतिक इंग्रीडिएंट्स जैसे फ्लोरल डिस्टिलेट्स की संरचना में निहित है जो कि महिलाओं की कोमल त्वचा की पूर्ती करने के लिए इसमें जोड़े जाते हैं। चारकोल इन्फ्यूज्ड रेंज सभी गंदगी, अशुद्धियों को निकालने के साथ साथ त्वचा को डिटॉक्सीफाई भी करती है। आयुथवेदा के एक्टिवेटिड चारकोल स्किन डिटॉक्स रेजिमेन को चेहरे एवं शरीर दोनों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है, इस रेंज में - एक हैंडमेड चारकोल कैस्टिल सोप, चारकोल फेस वॉश एवं चारकोल और कॉफी शीट सीरम मास्क शामिल हैं। आयुथवेदा चारकोल फेस वाश ( जो ऑयल प्रोडक्शन को कंट्रोल करता है, छिद्रों को बंद करता है और त्वचा को खूबसूरत बनाता है) - आयुथवेदा का यह परफेक्ट स्किनकेयर क्लींजर, चारकोल फेस वाश छिद्रों को साफ करने वाला आयुर्वेदिक सोल्यूशन है जो प्रभावी रूप से त्वचा को प्रदूषण से बचाने, ऑइल कंट्रोल करने तथा डेड स्किन सेल को एक्सफोलिएट करता है। फ्लोरल डिस्टिलेट्स त्वचा को जरुरी डेटॉक्सीफिकेशन प्रदान करते हैं जिसमे फेस वाश तत्काल मेकअप रिमूवर के रूप में भी काम करता है जो कि त्वचा को कोमलता प्रदान करता है और इसे कई ग्राहकों का पसंदीदा बनाता जा रहा है। इसके साथ ही यह त्वचा में मौजूद गंदगी एवं और अशुद्धियों को दो गुना तादाद से बाहर निकालता है। एक्टिवेटिड चारकोल तथा रोज़, लोटस, ब्यूटिया एवं मेरीगोल्ड के रिफ्रेशिंग डिस्टिलेट्स से बना, फ़ॉर्मूलेशन स्किन सेल मैट्रिक्स को पुनर्स्थापित करता है, डार्क स्पॉट्स को कम करता है और रोमछिद्रों को खोलता है। मुख्य इंग्रीडिएंट्स- एक्टिवेटेड चारकोल, ब्यूटिया, लोटस, रोज़ एवं ऑरेंज।

## व्यवसायों के लिए चीन पर निर्भरता खत्म करने की जरूरत: एस जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत का विकास चीन की दक्षता पर नहीं किया जा सकता है। घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ाने देने के लिए मजबूती के साथ आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि व्यवसायों को भी चीन पर निर्भरता खत्म करने की जरूरत है। 'मेड इन इंडिया - 75 इयर्स ऑफ बिजनेस एंड एंटरप्राइजेज' नामक पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया में कोई भी बड़ा देश नहीं है जिसने विनिर्माण क्षेत्र का निर्माण किए बिना अपनी वैश्विक स्थिति को बनाए रखा या बढ़ाया है। भारत को भी इसी पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। इस पुस्तक के लेखक जी20 के शेरपा अमिताभ कांत हैं। जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत को उन देशों को एक समान मैदान नहीं देना चाहिए जो अपने उत्पादों को सब्सिडी देते हैं। भारत को देश में घरेलू व्यवसायों की कीमत पर दूसरों के व्यवसायों को लाभ उठाने का मौका नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार डीप विनिर्माण आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण को प्राथमिकता देती है और मेक इन इंडिया केवल एक आर्थिक या विनिर्माण कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक रणनीतिक कार्यक्रम है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह देश कभी महान देश नहीं होगा यदि यह महान निर्माता नहीं है। मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसे समझने की हमें जरूरत है। अगर हमें अपनी अर्थव्यवस्था को अगले स्तर पर ले जाना है तो हमें एक प्रकार की घरेलू विक्रेता श्रृंखला बनानी होगी, जैसा एक गंभीर विनिर्माण अर्थव्यवस्था बनाएगी।

## चिप बनाने को मिल सकता है 10 अरब डॉलर का प्रोत्साहन, सरकार खत्म कर सकती है 45 दिन की अवधि सीमा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सेमीकंडक्टर (चिप) निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार बड़ा फैसला कर सकती है। सूत्रों के मुताबिक, इस उद्योग को प्रोत्साहन और सहायता के लिए 10 अरब डॉलर की योजना के लिए फिर से आवेदन मंगाने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आवेदन जमा करने के लिए पिछले 45 दिनों की सीमा को खत्म करते हुए इसे लंबे समय तक खुला रखा जा सकता है। ऐसे में सरकार तब तक आवेदन स्वीकार करने के लिए तैयार है, जब तक इसका 10 अरब डॉलर का बजट खत्म नहीं हो जाता। आवेदनों के लिए पहले घोषित शॉर्ट विंडो के कारण योजना में सिर्फ कुछ ही आवेदक शामिल हो पाए थे। इसमें वेदांता व फॉक्सकॉन के बीच साझेदारी और एक अन्य समूह जिसमें टॉवर सेमीकंडक्टर भी शामिल है। एपल की आपूर्तिकर्ता फॉक्सकॉन सहित कई कंपनियां इस समय चीन के बजाय भारत पर फोकस कर रही हैं। इसलिए भारत एक मजबूत प्रोत्साहन योजना देकर इसका फायदा उठाना चाहता है। फॉक्सकॉन ने बंगलूरू में मंगलवार को ही 300 एकड़ जमीन खरीदी है। इस जमीन पर एपल के आईफोन बनाने की फैक्टरी लगाई जाएगी।

# रूस से सस्ता कच्चा तेल खरीदकर भारत ने बचाए 40,965 करोड़




## पश्चिमी देशों ने लगाए हैं प्रतिबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने रूस से कच्चे तेल (क्रूड) की खरीदी पर पिछले वित्त वर्ष में 5 अरब डॉलर (करीब 40,965 करोड़ रुपये) की रकम बचाई है। यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिमी देशों की ओर से मास्को पर लगाए गए प्रतिबंधों के बाद रूस इस समय दुनिया में सबसे सस्ता तेल बेच रहा है। इसका फायदा उठाते हुए भारत ने 2022-23 में रूस से जमकर तेल की खरीदारी की।

बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट के मुताबिक, 2022-23 में भारत ने 162.1 अरब डॉलर का कच्चा तेल खरीदा है। उस पूरे वित्त वर्ष में कच्चे तेल की कीमतें 75 से 130 डॉलर प्रति बैरल थीं। भारत ने शीर्ष चार देशों से औसत 685 डॉलर प्रति टन के भाव से क्रूड खरीदा था। अगर इसमें से रूस की खरीदी हटा दें तो यह कीमत 704 डॉलर प्रति टन हो जाती है। आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने रूस से 615 डॉलर प्रति टन के भाव से तेल खरीदा है। नाइजीरिया से 790 डॉलर और इराक से 636 डॉलर के भाव से खरीदा है। इस तरह से रूस के सस्ते तेल से भारत ने 5 अरब डॉलर की बचत की। आंकड़े बताते हैं कि दुनिया भर में यूक्रेन युद्ध से पहले रूस सबसे महंगा तेल देता था। लेकिन युद्ध के बाद इसकी कीमतें काफी कम हो गईं। रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2015-16 में दुनिया में कच्चे तेल की औसत कीमत 324 डॉलर प्रति टन थी जबकि रूस में यह कीमत 483 डॉलर पर थी। 2016-17 में यह भाव 329 और 578 डॉलर जबकि 2017-18 में यह 401 और 394 डॉलर प्रति टन हो गया। 2018-19 में दुनिया में औसत कीमत 504 डॉलर प्रति टन जबकि रूस में 533 डॉलर प्रति टन रही। 2019-20 में यह 465 और 489 डॉलर प्रति टन के भाव रही।


### रुपये में कारोबार नहीं चाहता रूस

हाल में रूस व भारत के बीच रुपये में कारोबार को लेकर मामला टल गया है। रूस के पास रुपयों का अंबार लग गया है, जो उसके लिए समस्या बन गया है। रूस के लिए रुपये को दूसरी मुद्रा में बदलने की लागत बढ़ती जा रही है, इसलिए वह रुपये में भुगतान लेने से इन्कार कर रहा है।

### वैश्विक भाव से कम रहीं कीमतें

आंकड़ों के अनुसार, 2020-21 में दुनिया भर में औसत कीमत 315 डॉलर प्रति टन रही तो रूस में यह 342 डॉलर प्रति टन रही। 2021-22 में भी यह ज्यादा रही। वैश्विक स्तर पर औसत कीमत 557 डॉलर पर पहुंची तो रूस में 572 डॉलर पर पहुंच गई। हालांकि पिछले वित्त वर्ष में यह वैश्विक स्तर की तुलना में रूस में कम हो गई।

## युवाओं में बढ़ते हार्ट एटैक चिंता का कारण: डॉ. अनिश चंदराना



**नई दिल्ली।** हृदय रोग और हार्ट एटैक्स सबसे अधिक प्रचलित गम्भीर स्वास्थ्य स्थितियाँ हैं जिनके कारण दुनियाभर में लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं। पारंपारिक दृष्टि से वे अधिक वयस्क व्यक्तियों से जुड़े हुई थी, लेकीन समय के साथ अब युवाओं को भी वे प्रभावित कर रही हैं और बीस से थोड़ी अधिक उम्र के युवा भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। यह भारतीय और दक्षिण एशिया के निवासियों के लिए और भी अधिक लागू होता है।

हाल ही में हुए अनुसंधान के अनुसार हृदय रोग में दुनिया में जितने पीड़ित व्यक्ति हैं, उनमें से लगभग 50-60त्न प्रतिशत हमारे देश में हैं7 कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि पीछले कुछ वर्ष और महिनों में देशभर के हॉस्पिटल्स ने अपने इमर्जन्सी वॉर्डस में हार्ट एटैक्स के मामलों में 15 से 20त्न बढोतरी दर्ज की है7 हार्ट एटैक से युवा लक्षणीय अनुपात में प्रभावित हो रहे हैं और हृदय का बन्द होना और आकस्मिक मौत जैसे गम्भीर परिणाम भी इसमें पाए जा रहे हैं। डॉ. अनिश चंदराना, सिनियर इंटरवेंशनल कार्डिओलॉजिस्ट, मरेंगो सिम्स अस्पताल।

**युवा भारतीयों में उच्च जोखीम क्यों है:** दुर्भाग्यवश हम भारतीयों में एथेरोस्क्लेरोसिस विकसित होने की जेनेटीक दृष्टि की सम्भावना पश्चिमी जगत और जापानियों के मुकाबले बहुत कम उम्र में पायी जाती हैं। सिर्फ उतना ही नही, बल्की यह रोग तेज़ी से बढ़ता है और दुनिया के अन्य समूहों के मुकाबले 10- 15 साल पहले ही इस कारण हार्ट एटैक्स आते हैं7 इस विपरित जनुकीय स्थिति को गलत जीवनशैलि के निर्णयों से भी बल मिलता है7 खाने की गलत आदतें और गलत समय, वनस्पती पर आधारित सबऑप्टिमल आहार, नीन्द का अपर्याप्त होना और उसकी कम गुणवत्ता, रात में लम्बे समय तक काम करना इन सब पहलूओं के कारण शरीर की जीवशास्त्रिय घड़ी स्थिर हो जाती है।

## आईआईटी मद्रास ने चिकित्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का शुभारंभ किया



**चेन्नई।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास) ने चिकित्सा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का शुभारंभ किया है। यह चिकित्सा विज्ञान और इंजीनियरिंग में चार वर्षीय बी.एस. प्रोग्राम का संचालन करेगा। यह कोर्स भारत में पहली बार शुरू किया जाएगा। आज (11 मई 2023) विभाग के उद्घान में कॉग्निजेंट के सह-संस्थापक श्री लक्ष्मी नारायणन, और आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रोफेसर वी. कामकोटि, इस विभाग की संचालन समिति के मेडिकल क्लीनिशियंस और अन्य भागीदार मौजूद थे।यह कोर्स विभिन्न विषयों के परस्पर सहयोग का दृष्टिकोण रखते हुए जीवन रक्षक चिकित्सा उपकरण, दवा की खोज, चिकित्सा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मौलिक चिकित्सा अनुसंधान के लिए छात्रों को तैयार करेगा।

यह विभाग चिकित्सकों के क्लिनिकल कार्यों में टेक्नोलॉजी के प्रभावी उपयोग करने का प्रशिक्षण देगा और भारत में चिकित्सक-वैज्ञानिक प्रशिक्षण की नींव रखेगा। करिकुलम तैयार करने में भारत और विदेशों के दिग्गज चिकित्सक शामिल रहे हैं जो इस विभाग में 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' की जिम्मेदारी निभाएंगे। गौरतलब है कि यह विभाग पहले ही भारत के प्रमुख अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों से इस संबंध में सहयोग करार कर चुका है। कॉग्निजेंट के सह-संस्थापक श्री लक्ष्मी नारायणन ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा, चिकित्सा विज्ञान में परस्पर सहयोग से अनुसंधान शुरू होने से भारत क्लिनिकल चिकित्सा के बेहतर परिणाम देने में दुनिया में अव्वल आ सकता है। अंतरिक्ष विज्ञान, परमाणु विज्ञान, डिजिटल और जैव प्रौद्योगिकी में हम ने अनुसंधान क्षमता और इसकी बढ़ती संभावना का प्रदर्शन किया है। ऐसे में मेडिसिन में इस क्षमता का विस्तार करना सहज ही अगला कदम है। इस अनोखी पहल का लक्ष्य एक अभूतपूर्व चिकित्सा विज्ञान और प्रौद्योगिकी शोध केंद्र बनाना है ताकि 'चिकित्सक-वैज्ञानिक' और 'इंजीनियर-चिकित्सक' तैयार और प्रशिक्षित कर उन्हें उनके कार्य क्षेत्रों में भावी लीडर बनाया जाए।

## प्रीतम लोधी और बाबा धीरेंद्र शास्त्री के मिलने की तस्वीरें वायरल



भोपाल। प्रीतम लोधी और बाबा धीरेंद्र शास्त्री के मिलने की तस्वीरें वॉयरल होने पर लोग पुरानी यादों को ताजा कर दोनों को ट्रोल कर रहे हैं। किसी समय एक-दूसरे के जानी दुश्मन रहे दोनों के मिलन को लोग सोशल मीडिया पर तरह तरह के कमेंट कर ट्रोल कर रहे हैं।

इस तरह और भी न जाने किस-किस तरह से लोग सोशल मीडिया पर दोनों को ट्रोल कर रहे हैं। दरअसल बीजेपी में वापसी के बाद प्रीतम लोधी अचानक से बागेश्वरधाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के फैन हो गए और उन्होंने कहा कि धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री रामकथा करते हैं और मैं उनका सम्मान करता हूं।

बता दें कि पिछले साल नवम्बर-दिसम्बर माह में प्रीतम लोधी और धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने एक-दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था और दोनों ही आग उगल रहे थे। बीजेपी से निष्कासन के बाद प्रीतम लोधी ने विवादित बयान देते हुए कहा था कि धीरेंद्र शास्त्री पापी हैं। तो वहीं धीरेंद्र शास्त्री ने गुस्से में तमतमाते हुए कहा था कि वह (प्रीतम लोधी) मुझे मिल गया तो मैं उसे मसल दूंगा।

## जुलाई में भोपाल शुरू हो रहा अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय



**भोपाल ।** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, भोपाल अपने पूर्णकालिक स्नातकोत्तर कार्यक्रमों - एम.ए. एजुकेशन एवं मास्टर ऑफ़ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच) और पूर्णकालिक, आवासीय स्नातक कार्यक्रमों - बी.एससी. बायोलॉजी तथा बी.ए. हिस्ट्री के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इन कार्यक्रमों के तहत विद्यार्थी ऐसी गहन शिक्षा प्राप्त करते हैं जिससे उनमें विशेषज्ञता और समाज के लिए कुछ करने की प्रतिबद्धता का विकास होता है। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, भोपाल में प्रवेश समय सारणी, प्रवेश प्रक्रिया 2023 एवं तिथियाँ इस प्रकार हैं। आवेदन करने की अन्तिम तिथि 20 मई, 2023, राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 10 जून, 2023, व्यक्तिगत साक्षात्कार जून-जुलाई, 2023, प्रवेश प्रारम्भ जुलाई, 2023। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, भोपाल सभी नियामक कार्रवाइयाँ पूर्ण करने के बाद, जुलाई 2023 से प्रारम्भ हो रहा है। इसके लिए सभी ज़रूरी स्वीकृतियाँ मध्य प्रदेश सरकार से प्राप्त हो गई हैं। अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन द्वारा 2010 में पहला विश्वविद्यालय बेंगलूरु में स्थापित करने के बाद, प्रारम्भ किया जाने वाला यह दूसरा विश्वविद्यालय है। न्यायसंगत, समतामूलक, मानवोचित और टिकाऊ समाज के निर्माण में योगदान के लिए अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन 20 वर्ष से भी अधिक समय से शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, ग्रामीण आजीविका सहित अन्य कई क्षेत्रों में भारत भर में काम कर रहा है। अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुराग बेहार कहते हैं, भोपाल में शुरू हो रहे हमारे विश्वविद्यालय का मक़सद इस समूचे क्षेत्र में सेवां देना है।




## नायब तहसीलदार के साथ रेस्टोरेंट मालिक ने की मारपीट, 2 गिरफ्तार



रतलाम। जिले के बड़ावदा में गुरुवार को जहां मानवता को शर्मसार करने का मामला आया है वही प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है?

दरअसल नायब तहसीलदार, जिनके पास नगर पालिका का प्रभार भी है, जब अपने स्टाफ के साथ एक रेस्टोरेंट की सफाई व्यवस्था देखने पहुंचे तो रेस्टोरेंट संचालक और कर्मचारियों ने मिलकर नायब तहसीलदार तथा अन्य कर्मचारियों से मारपीट कर डाली। मामले में पुलिस ने दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है और एक आरोपी के नाबालिग होने पर उसे नोटिस जारी किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार मृगेंद्र सिसोदिया के पास ष्टस्न्ह का प्रभार भी है और स्वच्छता नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी भी, इसलिए वे रेस्टोरेंट में प्रतिबंधित पॉलिथीन उपयोग व गंदगी का चालान बनाने पहुंचे थे। जहां बातचीत करते करते रेस्टोरेंट संचालक समेत तीन लोगों ने हमला कर दिया। कॉलर पकड़कर शर्ट फाड़ दिया व चांटा मारते हुए झूमाझटकी की। घटना के विरोध में व नायब तहसीलदारों को गार्ड सुविधा मुहैया कराने की मांग को लेकर जिले भर के नायब तहसीलदार आज कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी से मिलेंगे। दो दिन पहले निमाड़ में भी ऐसा घटनाक्रम हो चुका, इसलिए इनमें आक्रोश है।

## जीएसटी चुकाने के लिए 31 मई तक समय, सेवाओं की आपूर्ति के आधार पर भुगतान का विकल्प

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने माल परिवहन एजेंसियों के लिए चालू वित्त वर्ष में सेवाओं की आपूर्ति के आधार पर जीएसटी देने की समयसीमा बढ़ाकर 31 मई कर दी है। माल ढुलाई से जुड़ी एजेंसियों (जीटीए) के पास सेवाओं की आपूर्ति के आधार पर जीएसटी संग्रह और भुगतान का विकल्प है।

अदाणी समूह 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रहा है। वह बदायूं से प्रयागराज तक 464 किमी के निर्माण को मूर्त रूप दे रहा है। इसका निर्माण उन्नत मशीनों और तकनीक से लैस कुशल इंजीनियरों की मदद से किया जा रहा है। जाज फाइनेंस ने एफडी पर ब्याज दरों में 0.40 फीसदी वृद्धि की है। कंपनी ने बुधवार को बताया, नई दरें 36 से 60 माह तक की परिपक्वता अवधि वाली जमाओं पर बढ़ाई गई हैं। अब वरिष्ठ नागरिकों को 44 माह की विशेष अवधि की जमा पर 8.60 फीसदी ब्याज मिलेगा। लगातार छह तिमाहियों तक बिक्री में गिरावट के बाद गांवों में एफएमसीजी उत्पादों की बिक्री में मार्च तिमाही में तेजी आई है। कुल एफएमसीजी बिक्री में गांवों का योगदान 35 फीसदी है। इसमें सुधार की उम्मीद है। शहरी इलाकों में इसी दौरान 5.3 फीसदी की वृद्धि रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से मार्च के बीच गांवों में एफएमसीजी की बिक्री 0.3 फीसदी बढ़ी है। अप्रैल-जून, 2021 में गांवों में बिक्री में तेजी देखी गई थी। यह बिक्री मूल्य के लिहाज से 10.1 फीसदी बढ़ी है। सरकार ने चालू विपणन वर्ष 2023-24 में अब तक 2.52 करोड़ टन गेहूं की खरीदारी की है। यह एक साल पहले के मुकाबले 42 फीसदी ज्यादा है। खाद्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, अब तक की खरीद पूरे विपणन वर्ष 2022-23 में हासिल किए गए 1.88 करोड़ टन के आंकड़े को पार कर चुकी है।

## इस मदर्स डे, बढ़ाओ मां की खुशियां अमेज़न प्राइम के साथ




**नई दिल्ली, एजेंसी।** माँ वह गोंद है जो हमारे जीवन को एक साथ रखती है, सुपरहीरो जो हमेशा जानता है कि हमें क्या चाहिए, और जादूगर जो सिर्फ एक आलिंगन से सब कुछ बेहतर बना सकता है। जैसे ही मदर्स डे 14 मई को आता है, यह परिवार के इस अद्भुत सदस्य को दिखाने का समय है कि वह हमारे लिए कितना मायने रखती है और हमारे %रोज़मर्रा के पलों% को बेहतर बनाने में मदद करती है। अमेज़न प्राइम के पास सही उपहार है जो न केवल उसके द्वारा संजोया जाएगा बल्कि इसमें आपके लिए भी कुछ होगा। यहां आपके लिए अपनी मां को वार्षिक प्राइम मेंबरशिप उपहार में देने का मौका है, ताकि वह ढेर सारे प्राइम लाभों का आनंद उठा सकें और उन्हें अतिरिक्त विशेष महसूस करा सकें, केवल एक दिन के लिए नहीं बल्कि साल के हर दिन। शॉपिंग डेट- यह दिन हमारी माताओं के साथ हमारे रिश्ते को सबसे अच्छे तरीके से मनाने के बारे में है! और उनके साथ ऑनलाइन शॉपिंग डेट पर जाने से बेहतर क्या हो सकता है? तो, सुनिश्चित करें कि इस मदर्स डे पर वह सभी श्रेणियों में 40 लाख से अधिक उत्पादों के नवीनतम रुझानों पर खर्च करके अपना दिल खोलकर खरीदारी करें और अपने पसंदीदा उत्पादों पर असीमित 1-दिन की डिलीवरी का आनंद लें। बॉन्ड ओवर एंटरटेनमेंट- कभी-कभी किसी व्यक्ति के साथ रहना और कुछ मलिटी टाइम बिताना बाहर जाने से बहुत बेहतर होता है, है ना? प्राइम वीडियो के साथ आप देख सकते हैं पुरस्कार विजेता फिल्म और टीवी शो 7 यही नहीं, आप ले जा सकते हैं अपनी माँ को एक लौंग ड्राइव पर और 20+ भाषाओं में 100 मिलियन विज्ञापन-मुक्त गीतों, असीमित डाउनलोड और 15 मिलियन से अधिक नवीनतम और ट्रेंडिंग सामग्री का लुत्फ उठा सकते हैं।

## सोने की चैन छीन कर भागे चोर को पुलिस ने पकड़ा




**छिंदवाड़ा ।** सोने की चैन छीन कर भागे चोर को पुलिस ने सी सी टी वी फोटेज के माध्यम से धर दबोचा शारदा माता मंदिर वार्ड नंबर 7 से सोने की चैन छीन कर भागे तीनो चोरो को हर्रई पुलिस ने अपनी हिरासत में लिया चोरी की वारदात देने वाले चोर हर्रई के ही निवासी बताये जा रहे हैं कुछ ही घंटों में हर्रई पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की हर्रई पुलिस के समस्त स्टाफ के साथ आरक्षक देवीप्रसाद कवरेती गोपाल पगारे नितेश सिंह को इस सराहनीय कार्य मैं बहुत बहुत धन्यवाद दिया हर्रई थाना पुलिस स्टाप के तीन आरक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही!

## दो पी एम आवास लेने पर सी एम हेल्पलाइन में शिकायत

**परासिया ।** कोयलांचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास में गड़बड़ियां सामने आ रही है। पता चला है कि एक महिला को पंचायत के द्वारा दो प्रधानमंत्री आवास दिए गए हैं । गांव के व्यक्ति राजेश अग्रवाल के द्वारा मामले की शिकायत सी.एम हेल्पलाइन में की गई है ।शिकायत में कहा गया कि विवाहित महिला ने पहले अपने नाम से एक प्रधानमंत्री आवास लिया इसके बाद महिला पति को छोड़कर दूसरे धर्म के व्यक्ति से शादी कर ली महिला ने अपना नाम भी बदल लिया दूसरा प्रधानमंत्री आवास पति के नाम से स्वीकृत कराया इस बारे में पंचायत समन्वयक अधिकारी का कहना है किसी भी प्रकार से एक ही व्यक्ति की आईडी में पी एम आवास योजना का लाभ दो बार देना संभव नहीं है बरहाल मामले की जांच की जा रही हैं।

## कोल इंडिया पेंशनर की बैठक कल

**छिन्दवाड़ा ।** कोल इंडिया सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ समिति शाखा शिवपुरी की मासिक बैठक दिनांक 13/05/2023 दिन शनिवार 12 बजे से सामुदायिक भवन ,दुर्गा मंदिर के पास , शिवपुरी में श्री पी.आर.डेहरिया अध्यक्ष के नेतृत्व में होगी । पेंशनर्स संघ के उपाध्यक्ष श्री मस्तान खान एवं शिवपुरी के पदाधिकारियों कामता झनकलाल पहाड़े ,अशोक उईके ने शिवपुरी के सभी पेंशनरों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाये ।

## महिला सेवादल में महासचिव बनी यास्मीन

**छिन्दवाड़ा ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व सीएम श्री कमलनाथ व जिले के सांसद श्री नकुलनाथ के निर्देशानुसार मप्र महिला सेवादल में प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेश कपाले ने बताया कि डॉ. यास्मीन खान को मप्र महिला सेवादल महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी है। अपने छिन्दवाड़ा प्रवास के दौरान श्री कमलनाथ ने यास्मीन को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। अपनी नियुक्ति के प्रति यास्मीन ने श्री कमलनाथ व सांसद श्री नकुलनाथ का आभार मना है।

## म.प्र.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष गौरी शंकर बिसेन आज आयेंगे

**छिन्दवाड़ा ।** म.प्र.पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) और म.प्र.विधानसभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सभापति गौरीशंकर बिसेन 12 मई को प्रातः 6.30 बजे बालाघाट से प्रस्थान कर प्रातः 9.15 बजे सर्किट हाउस छिंदवाड़ा पहुंचेंगे । आप प्रा.= 10 बजे छिंदवाड़ा में पत्रकारों से कृषि मेले के संबंध में चर्चा करेंगे तथा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों/कार्यकर्ताओं से भेंट कर कृषि मेले के संबंध में चर्चा करने के बाद दोपहर 12 बजे छिंदवाड़ा से सिवनी के लिये प्रस्थान करेंगे ।



## वैध अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं करने पर एक मेडिकल स्टोर्स की दुकान बंद करवाई गई

**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन के औषधि निरीक्षक श्री विवेकानंद यादव द्वारा आज जिले की तहसील उमरेठ और परासिया में संचालित मेडिकल स्टोर्स की आकस्मिक जांच की गई । जांच के दौरान वैध अनुज्ञप्ति प्रस्तुत नहीं करने पर दुकान से औषधि विक्रय रोकते हुये दुकान को बंद करवाने की कार्यवाही कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया ।

# हम हिंदुओं के संपूर्ण विकास के लिए लड़ रहे हैं :प्रवीण तोगड़िया



छिंदवाड़ा11मई (जनपक्ष)। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रवीण तोगड़िया ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मैं सिर्फ हिंदुओं के विकास के लिए लड़ रहा हूं मेरा किसी दल से कोई संबंध नहीं है । हम केवल मंदिर के निर्माण के लिए नहीं लड़े थे हम हिंदुओं के संपूर्ण विकास के लिए लड़ रहे हैं । बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में उन्होंने कहा कि यह दोनों दलों की नूरा कुश्ती है कोई प्रतिबंध नहीं लगने वाला है । दोनों अपने अपने वोटरों को खुश करने में लगे हैं छत्तीसगढ़ में जब भूपेश सरकार ने राम पथ गमन के तीर्थ स्थलों का विकास किया था तो मैंने समर्थन किया था और शिवराज सिंह ने जब इसकी घोषणा की थी तब मैंने स्वागत किया था। आगामी लोकसभा चुनाव में भी मेरा मुद्दा जनसंख्या नियंत्रण कानून रहेगा इसके अलावा मैं किसानों और बेरोजगारों के लिए भी लड़ता रहूंगा मैं किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने के लिए आपको लड़ता दिखूंगा।पत्रकार वार्ता में विश्व हिन्दु परिषद के प्रमुख राजू चरणागर एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। पत्रकार वार्ता व्यवसायी विक्की मिगलानी के निवास स्थान में रखी गई थी।

# कमलनाथ कांग्रेस सिर्फ वादा करने में विश्वास करते है और भाजपा काम करने में: भाजपा जिलाध्यक्ष



**छिंदवाड़ा ।** भाजपा जिलाध्यक्ष ने आज छिंदवाड़ा विधानसभा के ग्राम भूला पुनर्वास (जमुनिया) में सीमेंट कांक्रीट सड़क का भूमिपूजन किया साथ ही ग्राम जम्होड़ी पंडा से भुतेरा होते हुए माचागोरा तक बनने वाली 10 कि.मी. प्रथम श्रेणी मार्ग का भी भूमिपूजन किया जिसमें भुतेरा 1, भुतेरा 2 में आंतरिक सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण ग्राम जमुनिया के भूला पुनर्वास में सीमेंट क्राक्रीट सड़क भी बनेगी साथ ही कर्वे पिपरिया में भी सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण का कार्य भी कराया जाएगा । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि विगत कुछ माह पहले ग्रामवासीयों ने सड़क मार्ग निर्माण कार्य करवाने का अनुरोध किया था कि हमारे ग्राम में पक्की सड़क की नितांत आवश्यकता है प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बिछुआ दौरे के समय मैंने डूब क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के बारे में चर्चा की संवेदनशील मुख्यमंत्री ने शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्य के लिए 20 करोड़ रूपए आवंटित किए । आगे उन्होंने कहा कि भाजपा ही देश को सुरक्षित रख सकती है तथा प्रदेश एवं जिला में विकास कार्य करवा सकती है कांग्रेस तो सिर्फ वादा करने में विश्वास करती है पिछले विधानसभा चुनाव में भी इन्होंने किसानों की 2 लाख रूपये तक का कर्जमाफ करने, बेरोजगारों को 4 हजार रूपये पेंशन देने, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन को 1 हजार रूपये करने का वादा किया था परन्तु सरकार बनते ही खाली खजाना होने का रोना रोते रहे न किसानों को बोनस की राशि दी गई, न ही भावांतर मिला, मुख्यमंत्री ट्रांसफार्मर योजना भी बंद कर दी गई तथा गरीबों के लिए कल्याणकारी संबल योजना, तीर्थदर्शन योजना भी बंद कर दी गई थी सिर्फ प्रदेश में ट्रांसफर उद्योग चालू था उनके झूठे वादे में आकर किसान डिफाल्टर हो गए उन्होंने किसानों को कर्जदार बनाया परन्तु प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही तथा किसान का बेटा मुख्यमंत्री बनने पर प्रदेश के 11 लाख किसान का 21 सौ 23 करोड़ की ब्याज की राशि माफ कर दी है तथा जिले करीब 10 हजार से उपर किसानों को इसका लाभ मिलेगा । छिंदवाड़ा जिले में 2 लाख 52 हजार किसानों को 10 हजार रूपये किसान सम्मान निधि के तहत मिल रहे है हमने स्वच्छ भारत अभियान के तहत शौचालय का निर्माण करवाया, उज्ज्वला योजना के तहत गैस के सिलेंडर दिए, आवास योजना के तहत करोड़ों मकानों का निर्माण कार्य अनवरत चालू है हर घर में स्वच्छ जल देने का काम भी उत्तरोत्तर प्रगति पर है हमारी सरकार ने चुनाव के वक्त कोई वादा नहीं किया था लेकिन सरकार बनते ही जनहितैषी कार्य बिना भेदभाव के किए गए जबकि कमलनाथ कांग्रेस सिर्फ वादा करते है और भाजपा जनहितैषी काम करके दिखाती है । इस अवसर पर किसान मोर्चे के प्रदेश मंत्री संजय सक्सेना ने कहा कि किसान के बेटे शिवराज सिंह चौहान के कारण प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ा है किसानों को भी बिजली पर्याप्त मात्रा में मिल रही है हमने बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य पर बेहतर कार्य किया है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय पटेल ने कहा कि कमलनाथ कांग्रेस के कारण जो किसान डिफाल्टर हो गए थे उनका ब्याज देने का काम भाजपा सरकार कर रही है आगामी 13 मई से किसान ब्याज मुक्ति के फार्म भरने आरंभ हो जाएंगे तथा बची हुई मूलधन की राशि भी किसानों को किस्तों में जमा करना होगा तथा नगदी में किसानों को 10 बोरी यूरिया भी मिलना आरंभ हो जाएगा तथा सेवा सहकारी समिति के डिफाल्टर किसान भी शीघ्र ही सहकारी समिति से रासायनिक खाद ले सकेंगे तथा बहनों को आगामी 10 जून से 1 हजार रुपये महिना मिलना आरंभ हो जाएगा । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ओम पटेल ने मंच संचालन किया तथा आभार प्रदर्शन शक्ति केन्द्र प्रभारी निमेश चौधरी ने किया साथ ही शक्ति केन्द्र के संयोजक संतू हरिराम कुशवाहा, राकेश बुनकर सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

## चलती कार में लगी आग बीच सड़क में धू-धू कर जली कार

छिंदवाड़ा ।कोतवाली थाना क्षेत्र के नागपुर रोड में चंदन गांव मैं बीच सड़क में चलती कार में अचानक आग लग गई आग लगने से बीच सड़क में ही देखते ही देखते कार आग की लपटों में घिर गई और तेज लपटों से कार जलकर खाक हो गई कार चालक ने उतरकर अपनी जान बचाई घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड और मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया।

## मिलेट्स फ़सलों की बुकलेट और मिलेट्स कैलेण्डर का विमोचन



**छिन्दवाड़ा ।** जबलपुर संभाग आयुक्त अभय कुमार वर्मा द्वारा कलेक्टर कार्यालय के में कृषि विभाग छिंदवाड़ा और कृषि विज्ञान केंद्र चंदनगाँव के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में तैयार किये गये छिंदवाड़ा ज़िले के मिलेट्स फ़सलों को बढ़ावा देने के लिये मिलेट्स फ़सलों की उन्नत तकनीक एवं प्रसंस्कृत उत्पाद की पुस्तिका और मिलेट्स कैलेण्डर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर आयुक्त श्री वर्मा को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले और उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज़िले के मिलेट्स से बने उत्पाद भी भेंट किये गये । कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती पटले द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट (श्रीअन्न) पर ज़िले के प्रगति प्रतिवेदन से अवगत कराया गया जिस पर आयुक्त श्री वर्मा द्वारा ज़िले में मिलेट्स (श्रीअन्न) को प्रमोट करने में ज़िले द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की गई। उप संचालक कृषि श्री सिंह द्वारा जिले में मिलेट फसलों की संभावना व्यक्त करते हुये मिलेट परिदृश्य से अवगत कराया गया और अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अंतर्गत जिले में अभी तक की गई गतिविधियों व अंतर्राष्ट्रीय स्तरीय आयोजित कार्यक्रमों में सहभागिता की विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने जिले के मिलेट्स आधारित एफ.पी.ओ., मिलेट्स रकबा वाले विकासखंडों में मिलेट कृषि पध्दति, मिलेट की उत्पादकता बढ़ाने की रणनीति और मिलेट फसल उत्पादन में यंत्रीकरण की संभावना के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की । इस पर आयुक्त श्री वर्मा द्वारा बड़े रकबे वाले किसानों को मिलेट फसलों से जोड़ने के साथ ही एनआरएलएम के समूहों को प्रशिक्षित कर रोजगार से जोडने और मिलेट रकबा बढ़ाने के निर्देश दिये गये। आयुक्त श्री वर्मा को डीन उद्यानिकी महाविद्यालय डॉ.विजय पराड़कर ने आंचलिक कृषि अनुसंधान केन्द्र चंदनगांव में विकसित की गई म.प्र.के लिये अनुशंसित मक्का की आयरन व जिंक प्रचुरतायुक्त किस्म जवाहर मक्का 1014 की जानकारी देते हुये इस फसल का अवलोकन भी कराया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ओमप्रकाश सनोडिया, एसडीएम छिंदवाड़ा अतुल सिंह, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार, नाबॉर्ड की ज़िला प्रबंधक श्रीमती श्वेता सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.सुरेन्द्र पन्नासे, कृषि वैज्ञानिक डॉ.डी.सी.श्रीवास्तव व डॉ.आर.के.झाड़े, एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मेडिकल कॉलेज के रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही शीघ्र करें: कमिश्नर

### जबलपुर संभाग के कमिश्नर श्री वर्मा ने मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा का निरीक्षण किया और बैठक ली



**छिन्दवाड़ा ।** जबलपुर संभाग के कमिश्नर अभय कुमार वर्मा आज छिंदवाड़ा पहुंचे और सिम्स मेडिकल कॉलेज छिन्दवाड़ा का निरीक्षण किया। साथ ही कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों, मेडिकल कॉलेज के प्रभारी डीन डॉ.महेंद्र गोंड और एचओडी चिकित्सकों के साथ बैठक की एवं कॉलेज संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में फैकल्टी और स्टाफ के रिक्त पदों को भरने की कार्यवाही शीघ्र करने के निर्देश दिए। विभाग प्रमुख चिकित्सकों की समस्याएं सुनीं और उनके यथासंभव निराकरण के लिए आश्वस्त किया। मेडिकल कॉलेज के कंस्ट्रक्शन वर्क का भी निरीक्षण किया और गति व गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम श्री ओ.पी.सनोडिया, एसडीएम अतुल सिंह, नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त राहुल सिंह भी उपस्थित थे। बैठक में कमिश्नर श्री वर्मा ने एमबीबीएस कक्षाओं के संचालन, क्लास रूम की उपलब्धता, लैब संचालन, फैकल्टी, विद्यार्थियों व उनकी रूरल ट्रेनिंग आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज के कैंपस, लोकेशन और सौंदर्यीकरण की सराहना करने हुए उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुये और बेहतर करने का प्रयास करें। विद्यार्थी बहुत आशान्वित होकर एमबीबीएस की पढ़ाई करने आते हैं, उन्हें उत्कृष्ट गाइडेंस प्रदान करें जिससे वे बेहतर डॉक्टर बनें और मानव सेवा के भाव से कार्य करें। मेडिकल कॉलेज की एमबीबीएस कक्षाओं के साथ ही अब सिम्स पीजी के लिए भी एलिजिबल हो गया है। कॉलेज के बेहतर संचालन के लिए उन्होंने फैकल्टी और स्टाफ के रिक्त पदों को नियमानुसार शीघ्र भरने के निर्देश दिए। नगरपालिक निगम आयुक्त और पीआईयू विभाग को मेडिकल कॉलेज कैंपस की पेयजल समस्या का स्थाई समाधान कराने के लिए निर्देशित किया। कॉलेज के डॉ.एच.के.टी.रजा ऑडिटोरियम, विभिन्न संकायों, रिसर्च लैब, सेंट्रल लाइब्रेरी आदि का भी निरीक्षण किया।

## वन विभाग ने जीवन में पर्यावरण के प्रति निकाली जागरूकता रैली



**छिंदवाड़ा ।** दक्षिण छिन्दवाडा वनमंडल के वन परिक्षेत्र अम्बाडा अन्तर्गत वनग्राम बोरपानी, जोबनडेरा, गोविन्दपुर एवं रामूढाना में मिशन लाईफ के अन्तर्गत जीवन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में ग्रामों के स्कूली छात्रों एवं ग्रामीणों द्वारा भाग लिया तथा वन विभाग के स्टाफ द्वारा रैली के उदेश्य के संबंध में बताया गया । इस में वनग्राम बोरपानी में बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में ग्रामीणों को जीवन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु बिजली बचाना, पानी बचाना, गंदगी / कचरा नही फैलाना, पुराने कपडे एवं पुस्तके जरूरतमंद को देना, सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं का उपयोग करना एवं पॉलीथिन का उपयोग बन्द करने बाबद् समझाईश दी गई। इस उपलक्ष्य में वनग्राम बोरपानी के स्कूली छात्र / छात्राओं को पुरानी पुस्तकों का वितरण किया गया ।

## ध्यान से मन शुद्ध,तनावमुक्त होता है शरीर: डॉ. सैयाम

### गांव गांव एकात्म अभियान के तहत लोग कर रहे ध्यान
### जन अभियान परिषद के नवांकुर, प्रस्फुटन एवम परामर्श दाता दे रहे योगदान




छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा एकात्म अभियान ध्यान एवम योग शिविर गुरुवार को छिंदवाड़ा विकास खंड के सेक्टर सारना के ग्राम पंचायत वनगांव, कचारिया में ध्यान एवम् योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें हार्ट फुलनेस के प्रशिक्षक डॉ. शैलेंद्र सैयाम, प्रशिक्षक कनक प्रभा गेडाम ,परामर्शदाता श्रीमती तृप्ति ठाकुर नवांकुर संस्था से शीतल बागड़ी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बनगांव के सदाराम वी के एवं अन्य उपस्थित रहे। प्रस्फुटन समिति के कार्यकर्ता के विशेष सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्रामवासी ने सहभागिता निभाई इसी दिन बोहना खैरी सेक्टर से ग्राम पंचायत वोहना खेरी, ककई ओर चन्हिया कला में ध्यान एवम् योग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें हार्ट फुलनेस की प्रशिक्षित परामर्शदाता श्रीमती लता नागले, नवांकुर संस्था से मनीष तिवारी, महेश बंदेवार, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी एवं एमएसडब्ल्यू छात्र मुकेश दीक्षित , मनसा डेहरिया , दशोदा चंद्रवंशी के साथ अन्य उपस्थित रहे। प्रस्फुटन समिति के कार्यकर्ता हरीराम वर्मा मयंक शर्मा रामभरोष बंदेवार ककई से पवन पाटिल जितेंद्र खड़िया सरपंच चांहिया , दीनदयाल साहू सचिव ग्राम पंचायत चांहीया, सतीश बंदेवार,संजू, बोहनखैरी से के विशेष सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें ग्रामवासी ने सहभागिता निभाई। इसी तरह गत बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू की क्लास में भी मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल एवम हार्डफुलनेश के प्रशिक्षक डाक्टर शैलेंद्र सैयाम,जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक अखिलेश जैन,परामर्श दाता समाजसेवी विनोद तिवारी,अशीष साहू एवम जयप्रकाश सूर्यवंशी की उपस्थिति में सभी बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों ने पी जी कॉलेज में ध्यान एवम योग शिविर के माध्यम से ध्यान किया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकाश समिति छिंदवाड़ा ,आधार फाउंडेशन नवांकुर संस्था,अन्य प्रस्फुटन समितियो के पदाधिकारी यो ने ध्यान का प्रशिक्षण प्राप्त किया।जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक पवन सहगल ने इस अवसर पर कहा की छिंदवाड़ा जिले के समस्त विकास खंडों में विश्व योग दिवस के अवसर पर होने वाले बृहद आयोजन के तारतम्य में अभी से जिले के समस्त ग्रामों में नगरीय क्षेत्रों ने हैदराबाद से प्रशिक्षण प्राप्त करके आए पूरे देश एवम अन्य देशों से प्रशिक्षक ध्यान का प्रशिक्षण देगे ।जिसकी शुरुआत आज से हो चुकी है । ध्यान एवम योग से मन का शुद्धिकरण ,एवम सकारात्मक ऊर्जा का उत्सर्जन होता है। नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकाश समिति के अध्यक्ष विनोद तिवारी ने कहा की नगरीय क्षेत्रों में भी हर वार्ड बार ध्यान शिविर का आयोजन विश्व योग दिवस तक नियमित किया जा रहा है जिसमे बड़ी संख्या में आम जन इसका लाभ ले रहे है।जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा ब्लाक समन्वयक अखिलेश जैन ने कहा की आज से ही छिंदवाड़ा विकाश खंड में भी ध्यान शिविर शुरू हो चुके है अच्छी बात है मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की समस्त नवांकुर संस्था प्रस्फुटन समितियां परामर्शदाताओ सहित समस्त ब्लाक समन्वयक जिला समन्वयक हैदरावाद के हार्डफुलनेस सेंटर से ध्यान

# महिला सशक्तिकरण का आधार है नारी सम्मान योजना : कांग्रेस



छिन्दवाड़ा11मई (जनपक्ष)। माताओं, बहनों व बेटियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व सीएम के द्वारा नारी सम्मान योजना का तोहफा समस्त मातृशक्ति को दिया है। योजना के प्रारंभ होते ही रिकॉर्ड फार्म भरे जा रहे हैं। कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने मातृशक्ति से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ लें। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने अपनी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि पूर्व सीएम कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ ने मातृशक्ति को सशक्त बनाने हेतु नारी सम्मान योजना प्रारंभ की है, इससे महिलायें सशक्त व आत्मनिर्भर होंगी। इस हेतु प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने प्रदेशव्यापी नारी सम्मान योजना की सौगात दी है। नारी सम्मान योजना के फार्म कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं तक पहुंच रहे हैं, फार्म अधिक से अधिक संख्या में भरकर योजना का पूर्ण लाभ लेवें। तिवारी व ओक्टे ने आगे कहा कि जिले के प्रत्येक ब्लॉक, नगर, ग्राम, कस्बों, मंजरे व टोलों तक पहुंचकर कांग्रेस के प्रतिनिधि फार्म भरवायेंगे। उन्होंने आगे कहा कि योजना के तहत 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर व प्रति माह 1500 रुपये मातृशक्ति को दिये जावेंगे। श्री तिवारी व श्री ओक्टे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा की पूर्व सीएम कमलनाथ की नारी सम्मान योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। योजना का लाभ लेने के लिये मातृशक्ति को दस्तावेज लेकर कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं है। नारी सम्मान योजना की महिलाओं के बीच बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा के नेताओं में भय का माहौल है, क्योंकि महिलायें लाड़ली बहना योजना नहीं, नारी सम्मान योजना चाहती है, जिससे की किसी एक नहीं बल्कि प्रदेश की प्रत्येक नारी का सम्मान बना रहे। भाजपा के नेता नारी सम्मान योजना को लेकर ओछी राजनीति पर उतर आये हैं और उनके द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है। कांग्रेस ने नारीशक्ति से अपील की है कि वे किसी के बहकावे में ना आयें और योजना का फार्म भरें।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कायक्रम का आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा जितेन्द्र कुमार शर्मा और जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिन्दवाड़ा श्रीमती सविता ओगले के मार्गनिर्देशन में जिला न्यायाधीश पांढुर्णा श्री कृष्णदास महार की उपस्थिति में गत दिवस नगरपालिका कार्यालय भवन पांढुर्णा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ । कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री राजकुमार ईवनाती, प्रभारी राजस्व निरीक्षक युवराज मर्सकोले, उपयंत्री सुनील कुमार बघेले, नगरपालिका के कर्मचारी और नगरवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश पांढुर्णा श्री महार ने कहा कि आगामी 13 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत के माध्यम से नगरपालिका के वसूली योग्य प्रकरण जैसे संपत्तिकर, जलकर प्रकरणों के अधिक से अधिक निराकरण के लिये पक्षकारों को नोटिस जारी करें। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत में समझौता योग्य आपराधिक, चैक बाउन्स (एन.आई. एक्ट धारा 138), बैंक रिकवरी केसेस, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, श्रम विवाद, विद्युत एवं वाटर बिल, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, सर्विस मैटर, राजस्व प्रकरण (जिला न्यायालय में लंबित), अन्य सिविल केसेस (किराया सुखाधिकार अधिकार, निषेधाज्ञा मामले, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद ) तथा प्री-लिटिगेशन मामलों के अंतर्गत चैक बाउन्स, बैंक रिकवरी व पानी के बिल संबंधी विवादों का निराकरण आपसी राजीनामा के आधार पर किया जायेगा ।

## बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिले के 22 शैक्षणिक संस्थाओं के नोडल अधिकारियों और संस्था प्रमुखों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

छिन्दवाड़ा ।कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा गत दिनों कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में अनुसूचित जाति/जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना वर्ष 2022-23 के क्रियान्वयन संबंधी बैठक में अनुपस्थित रहने पर जिले के 22 शैक्षणिक संस्थाओं के नोडल अधिकारियों और संस्था प्रमुखों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये हैं । साथ ही इस संबंध में 3 दिवस में कारण बताओ सूचना पत्र का उत्तर जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये गये हैं। स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने अथवा समाधानकारक नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। यह कार्यवाही संबंधित नोडल अधिकारियों और संस्था प्रमुखों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देशों के बाद भी बैठक में उपस्थित नहीं होने पर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यवधान होने से यह कृत्य सिविल सेवा आचरण नियमों के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आने पर की गई है।

G20 भारत 2023 INDIA वसुधैव कुटुम्बकम् ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE | मध्यप्रदेश शासन | आज़ादी का अमृत महोत्सव

# पशुपालन से खुशहाली सरकार बनी सहभागी



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

## गौ-रक्षा संकल्प सम्मेलन एवं 406 चलित पशु चिकित्सा इकाइयों का लोकार्पण

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
द्वारा

अध्यक्षता
**प्रेम सिंह पटेल**
मंत्री, पशुपालन एवं डेयरी, सामाजिक न्याय तथा नि:शक्तजन कल्याण विभाग

विशिष्ट अतिथि
**अखिलेश्वरानंद गिरि**
अध्यक्ष, कार्यपरिषद, मध्यप्रदेश गौ संवर्धन बोर्ड

12 मई, 2023 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | लाल परेड ग्राउंड, भोपाल, मध्यप्रदेश




टोल फ्री नं. 1962

## गौवंश संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास

- **चलित पशु चिकित्सा इकाई/Mobile Veterinary Unit (MVU) -** घर पहुंच पशु चिकित्सा सेवा में उपलब्ध सुविधाएं – पशु उपचार, लघु शल्य चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान, रोग नियंत्रण, टोल फ्री नंबर 1962 के साथ केन्द्रीयकृत कॉल सेंटर की स्थापना।
- **मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना -** पशुपालकों एवं युवाओं को स्व-रोज़गार के लिए पात्रता अनुसार छोटे-बड़े पशुओं का बैंक ऋण एवं अनुदान सहायता के आधार पर प्रदाय।
- **मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय कार्यक्रम -** विशेष पिछड़ी जनजातियों (बैगा, सहरिया, भारिया) के हितग्राहियों को 90% अनुदान पर दुधारू पशुओं का प्रदाय।
- **मुख्यमंत्री डेयरी प्लस कार्यक्रम -** चिह्नित जिलों में 50% से 75% अनुदान पर हितग्राहियों को दुधारू भैंसों का प्रदाय।
- **आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना -** डेयरी व्यवसाय स्थापित करने हेतु 25% से 33% मार्जिन मनी सहायता एवं 7 वर्ष तक 5% ब्याज प्रतिपूर्ति अनुदान।
- 1797 गौशालाओं में 3 लाख से अधिक गौवंश को संरक्षण। गौशालाओं को वर्ष 2022-23 में चारा-भूसा अनुदान के रूप में ₹ 202 करोड़ वितरित।
- गौशालाओं के स्वावलंबन के लिए बायोगैस संयंत्र, जैविक खाद Phosphate Rich Organic Manure (PROM), गोकाष्ठ जैसे उत्पादों का निर्माण।

D-11022/23





मध्यप्रदेश शासन

सीधा प्रसारण | Webcast.gov.in/mp/cmevents | DDMP | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023